हिंदी दैनिक

# न्यूज़ वायरस

वर्ष : 12 अंक : 52 देहरादून, सोमवार, 14 अगस्त, 2023 मूल्य : एक रुपया पृष्ठ : 08



VIJAYVANI 2.0 के मंच पर नए उभरते कवियों, शायरों ने दिखाया हुनर 8

# मुख्यमंत्री ने उत्तराखंड को पंच प्रण की शपथ दिलाई

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून , 14 अगस्त , मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने गुच्चु पानी, देहरादून में 'मेरी माटी-मेरा देश' अभियान के अन्तर्गत आयोजित 'वीरों का नमन' कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी, प्रेमचन्द अग्रवाल, राज्यसभा सांसद नरेश बंसल, जिला पंचायत अध्यक्ष मधु चौहान, मेयर देहरादून सुनील उनियाल गामा, मेयर ऋषिकेश अनीता मंमगांइ, विधायक मुन्ना सिंह चौहान एवं सविता कपूर भी मौजूद थे।




मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने अमर बलिदानियों की स्मृति में शिलापट का अनावरण किया। उन्होंने सभी को पंच प्रण की शपथ दिलाई एवं गुच्चू पानी में अमृत वाटिका के लिए वृक्षारोपण किया। इस अवसर पर पवित्र मिट्टी को हाथ में लेकर शपथ दिलाई गई एवं सेल्फी भी ली गई। मुख्यमंत्री ने सभी को अपनी सेल्फी meri-maatimeradesh.Gov.in पर अपलोड करने की अपील की। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों एवं शहीदों के परिजनों को सम्मानित भी किया।



मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने 'मेरी माटी-मेरा देश' कार्यक्रम में उपस्थित स्वतन्त्रता संग्राम सेनानियों एवं देश के लिए अपना सर्वोच्च बलिदान देने वाले वीर सैनिकों के परिजनों का स्वागत करते हुए कहा कि यह उनका सौभाग्य है कि आज मुख्य सेवक के रूप में उन्हें सभी को सम्मानित करने का अवसर प्राप्त हुआ। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में हमें उन वीरों की वंदना करने का अवसर प्राप्त हुआ है, जिन्होंने देश की माटी की खातिर अपने प्राणों की आहुति दी। प्रधानमंत्री ने आजादी के अमृत काल में देशवासियों को पंच प्रण दिए हैं। भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का प्रण, गुलामी की मानसिकता से मुक्ति का प्रण, भारत की समृद्ध विरासत पर गर्व एवं उसका संरक्षण करने का प्रण तथा देश की एकता और अखंडता को अक्षुण्ण रखने का प्रण। जिस प्रकार आज तक हमने प्रधानमंत्री द्वारा प्रारंभ किए गए प्रत्येक अभियान को अपना सम्पूर्ण सहयोग एवं समर्थन दिया है, उसी प्रकार मुझे विश्वास है कि हम 'मेरी माटी-मेरा देश' अभियान को भी अपना पूर्ण सहयोग प्रदान करेंगे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखण्ड की भूमि देवभूमि के साथ ही वीरों की भूमि भी है। उत्तराखण्ड से द्वितीय विश्व युद्ध की वीरांगना एवं वेटरन की पेंशन प्रतिमाह 8 हजार रूपये से बढ़ाकर 10 हजार रूपये की गई है। स्वतंत्रता संग्राम सेनानी और उनकी विधवाओं की प्रतिमाह पेंशन 21 हजार से बढ़ाकर 25 हजार की गई है। प्रधानमंत्री मोदी जी द्वारा दिए गए मार्गदर्शन के अनुरूप राज्य में पांचवें धाम की नींव रखते हुए एक भव्य और राष्ट्र भक्ति से ओत-प्रोत सैन्य धाम का निर्माण कार्य तेजी से हो रहा है। सवाड़ में भी सैनिकों की स्मृति में स्मारक बनाया जा रहा है।

इस अवसर पर सचिव राधिका झा, आयुक्त ग्राम्य विकास आनन्द स्वरूप, जिलाधिकारी देहरादून सोनिका, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दलीप सिंह कुंवर, नगर आयुक्त मनुज गोयल, मुख्य विकास अधिकारी झरना कमठान उपस्थित थे।

## मलबा आने से बदरीनाथ और गंगोत्री हाईवे बाधित

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ऋषिकेश। भूस्खलन के कारण ऋषिकेश-बदरीनाथ और गंगोत्री हाईवे बंद हो रखे है। पुलिस ने दोनों मार्गों पर जाने वाले वाहनों को भद्रकाली और तपोवन में रोक लिया है। भारी बारिश के चलते बदरीनाथ हाईवे पर व्यासी, सिंगठाली और तोताघाटी में लगातार मलबा गिर रहा है। जबकि गंगोत्री हाईवे आगराखाल और खाड़ी में भूस्खलन के चलते बंद है। अब टिहरी जाने वाले वाहन मसूरी-सुवाखोली-चंबा होकर और पौड़ी जाने वाले ऋषिकेश-सिलोगी-गुमखाल होकर पौड़ी जा रहे है।

बीते कुछ दिनों से तेज बारिश के चलते पर्वतीय रूट की यातायात व्यवस्था गड़बड़ा गई है। भूस्खलन के चलते हररोज गंगोत्री और बदरीनाथ हाईवे बाधित हो रहे है। बीते शुक्रवार को भद्रकाली के पास चट्टान टूटने से गंगोत्री हाईवे बाधित रहा। शनिवार को हाईवे खोल दिया गया, लेकिन रविवार तडक़े 4 बजे फिर आगराखाल और खाड़ी के पास भारी मलबा आने से हाईवे बाधित हो गया है। जबकि बदरीनाथ हाईवे भी तडक़े 3 बजे से बंद है। तोताघाटी में चट्टान टूटने से मलबा हटाने में दिक्कत आ रही है। सोमवार सुबह तक दोनों मार्ग खुलने की उम्मीद है। दोनों हाईवे बाधित होने से लोग परेशान हो रहे है। भारी वाहन ऋषिकेश के भद्रकाली और तपोवन में रोके जा रहे है।

हल्के वाहन नीलकंठ मोटर मार्ग से सिलोगी-गुमखाल होकर पौड़ी आ जा रहे है। जबकि टिहरी जाने वाले वाहन मसूरी-सुवाखोली-चंबा होकर आ जा रहे है। एचएच के सहायक अभियंता हरीश गेलाकोटी ने बताया कि मूसलाधार बारिश के चलते बदरीनाथ और गंगोत्री हाईवे बाधित हो रहे हैं। लगातार मलबा आने से दिक्कत आ रही है। देर रात्रि तक दोनों हाईवे खुलने की उम्मीद है। ट्रैफिक इंस्पेक्टर संदीप तोमर ने बताया कि दोनों हाईवे बाधित होने से हल्के वाहन ब्रह्मपुरी-सिलोगी-गुमखाल होकर पौड़ी आ जा रहे है। जबकि भारी वाहन भद्रकाली और तपोवन में रोके जा रहे है।

## एसएफआई ने निकाली आजादी साइकिल रैली

देहरादून। स्टूडेंट्स फेडरेशन ऑफ इंडिया (एसएफआई) ने स्वतंत्रता दिवस से पूर्व देश की एकता, अखंडता और भाईचारे के लिए आजादी साइकिल रैली निकाली। इसमें करीब दो सौ लोगों ने हिस्सा लिया। रविवार को गांधी पार्क से शुरू हुई साइकिल रैली को बार एसोसिएशन देहरादून की पूर्व अध्यक्ष रजिया बेग, बार कॉंसिल उत्तराखंड के पूर्व उपाध्यक्ष राजन सोलंकी ने हरी झंडी दिखाई। रैली यहां से घंटाघर, चकराता रोड, बल्लूपुर चौक, बल्लीवाला चौक, सहारनपुर चौक, रेस कोर्स, धर्मपुर चौक होते हुए डीएवी कॉलेज पहुंची। एसएफआई के राज्य सचिव हिमांशु चौहान ने कहा कि रैली का उद्देश्य देश में नफरत के खिलाफ एकता, समानता, शांति और भाईचारे को बनाए रखना है। प्रदेश अध्यक्ष नितिन मलेठा ने कहा कि वर्तमान में जिस तरह से नफरती जहर लोगों के बीच में घोला जा रहा है, उसे खत्म करने के लिए आजादी रैली निकाली गई है। मौके पर एसएफआई के उपाध्यक्ष शैलेंद्र परमार, पीयूष शर्मा, देहरादून जिला अध्यक्ष मनोज कुंवर, डीएवी इकाई अध्यक्ष अमन सिंह आदि मौजूद थे।

## पर्यटकों से गुलजार रही मसूरी, कई बार बनी जाम की स्थिति

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून। दो दिनों की छुट्टियों के चलते मसूरी पर्यटकों से गुलजार रही। यहां दिन में कई बार जाम की स्थिति भी बनी। वहीं, बारिश के बीच पर्यटक माल रोड पर चहलकदमी करते नजर आए। रविवार को लंढौर मार्ग पर काफी देर तक जाम की स्थिति बनी रही। इससे पर्यटकों के साथ ही स्थानीय निवासियों को भारी असुविधाओ का सामना करना पड़ा। पुलिस ने जाम को खोलकर मार्ग को सुचारू किया। वहीं पर्यटकों की संख्या में बढ़ोतरी होने से पर्यटक स्थल कैम्पटी फॉल, कंपनी गार्डन, लाल टिब्बा, भट्टा फॉल, मसूरी झील के साथ ही अन्य पर्यटक स्थलों पर सुबह से लेकर शाम तक पर्यटकों की अच्छी खासी भीड़ जुटी रही। दिल्ली से मसूरी घूमने आए पर्यटक राज किशोर शर्मा ने बताया कि वह सुबह यहां पहुंचे। तब यहां मौसम साफ था लेकिन दोपहर बाद शुरू हुई बारिश के चलते वे कैंपटी फॉल कंपनी गार्डन घूमने नहीं जा पाए, केवल माल रोड की सैर ही कर पाए। कैम्पटी फॉल के स्थानीय दुकानदार सुमन नौटियाल ने बताया कि काफी समय बाद यहां पर पर्यटकों की अच्छी खासी भीड़ जुटी, इससे होटल व्यवसायों के साथ ही स्थानीय व्यापारियों को लाभ मिला है। मसूरी होटल एसोसिएशन के अध्यक्ष संजय अग्रवाल ने बताया कि रविवार को होटलों में 70 फ़ीसदी तक बुकिंग रही। उम्मीद है कि सोमवार को मसूरी के अधिकांश होटल पैक रहेंगे। उन्होंने कहा कि मसूरी में लगातार हो रही बारिश की वजह से पिछले काफी समय से मसूरी में काफी कम पर्यटक पहुंच रहे थे, लेकिन इस वीकेंड पर पर्यटक काफी संख्या में पहुंचे हैं। व्यापार संघ के अध्यक्ष रजत अग्रवाल ने कहा कि काफी समय बाद होटलों में अच्छी बुकिंग मिल रहे हैं जिसका लाभ होटल व्यवसायो के साथ ही व्यापारियों को मिलेगा। वही इस बारे में प्रभारी निरीक्षक शंकर सिंह बिष्ट ने बताया कि दो दिनों की छुट्टियों के चलते मसूरी में भीड़ बढने की उम्मीद है, जिसके चलते शहर के चौक चौराहों व मुख्य मार्गो पर पुलिस के जवान तैनात किए गए हैं, ताकि जाम की स्थिति पैदा ना हो।

# ठंडी चाय को फिर से गर्म कर पीना कितना सही ?

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

ब्यूरो रिपोर्ट 14 अगस्त : भारतीय पानी के बाद जिस तरह पदार्थ का सबसे ज्यादा सेवन करते हैं वह है चाय. बड़े-बड़े शहरों से लेकर दूर ऊंची-ऊंची पहाड़ियों तक, हर जगह आपको चाय जरूर मिल जाएगी. सर्दियों के मौसम में चाय का सेवन बढ़ जाता है. कुछ लोग चाय के इतने शौकीन हैं कि वह न दिन देखते हैं न रात, जब उनका दिल करता है वह चाय बिना हिचकिचाहट के पी लेते हैं. अक्सर आपने घरों में ये देखा होगा कि ठंडी चाय को लोग दोबारा गर्म करके पी लेते हैं. लेकिन, ऐसा करना हमारी सेहत के लिए फायदेमंद नहीं है. अगर आप भी ऐसी गलती कर रहे हैं तो इससे आपकी सेहत पर गंभीर असर हो सकता है.

बारिश हो, सर्दी हो, थकान-सिरदर्द या फिर आलस, इन सब का विकल्प चाय है. सर्दियों के मौसम में अमूमन हर परिवार में दो से तीन बार चाय जरूर बनती है. इस दौरान एक बात जो हर घर में देखी जाती है वह यह है कि लोग ठंडी चाय को गर्म करके दोबारा पीते हैं. ऐसा करना हमारे स्वास्थ्य के लिए नुकसानदायक होता है. आइए जानते हैं ठंडी चाय को दोबारा गर्म करके पीने से हमारे शरीर को क्या नुकसान होता है.

जब आप चाय को दोबारा गर्म करके पीते हैं तो चाय के सभी गुण और अच्छे यौगिक बाहर निकल जाते हैं. ठंडी चाय को दोबारा गर्म करके पीने पर आपको दस्त, उल्टी ,ऐंठन और पाचन से जुड़ी समस्या हो सकती है.रखी हुई चाय में आ जाते हैं बैक्टीरिया-अगर आप एक बार बनाई हुई चाय को काफी देर तक यूं ही रख देते हैं तो इसमें बैक्टीरिया जाते हैं. ऐसे में दोबारा इस चाय को गर्म करके पीना हमारे शरीर के लिए हानिकारक होता है.

टैनिन का बाहर निकलनाअगर आप चाय को दोबारा गर्म करके पीते हैं तो इससे टैनिन बाहर निकल जाता है जिसकी वजह से चाय का स्वाद कड़वा हो जाता है. ऐसे में ये आपके मुंह का स्वाद तो खराब करेगी ही साथ ही आपके सेहत को भी नुकसान पहुंचाएगी. ध्यान रखें ये बात-अगर आपको चाय बनाए हुए केवल 15 मिनट हुए हैं तो तब आप चाय को गर्म करके दोबारा पी सकते हैं. ऐसा तभी करें जब और कोई उपाय न हो

-कभी भी खाली पेट चाय न पिए क्योंकि इससे एसिडिटी की समस्या हो सकती है. अगर आपको सुबह चाय पीने की आदत है तो इसके साथ कुछ हल्का-फुल्का जरूर खाएं-कोशिश करें जितनी आवश्यकता है उतनी ही चाय बनाएं।



# उत्तराखंड के युवाओं के लिए जरूरी खबर, THDC में निकली भर्तियां, जल्दी करें अप्लाई

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

उत्तराखंड 14 अगस्त : नौकरी की तलाश कर रहे युवा ध्यान दें। टिहरी हाइड्रो डेवलपमेंट कारपोरेशन इंडिया लिमिटेड ने जनरल मैनेजर टर्म बेसिस के पदों को भरने के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए हैं। इसके अलावा अन्य पदों के लिए भी आवेदन मांगे गए हैं। टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड के महाप्रबंधक की भर्ती के लिए विज्ञापन जारी किया है।

ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन की अंतिम तिथि 29 अगस्त 2023 है। महाप्रबंधक के कुल दो पदों के लिए आवेदन मांगे गए हैं। महाप्रबंधक सिविल के पद के लिए आवेदक के पास भारत में उपयुक्त वैधानिक प्राधिकारी द्वारा मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय या संस्थान से प्रासंगिक अनुशासन में पूर्णकालिक बीई, बीटेक, बीएससी इंजीनियरिंग में डिग्री होना जरूरी है। आयु सीमा 03 मई 2023 तक 55 वर्ष तक होनी चाहिए। वेतन रुपये 120000 प्रतिमाह निर्धारित है। इसी तरह महाप्रबंधक इलेक्ट्रिकल पद के लिए आवेदक का बीई, बीटेक, बीएससी इंजीनियरिंग पास होना जरूरी है। 05 अप्रैल 2023 तक आयु सीमा 55 वर्ष होनी चाहिए। वेतन के तौर पर 120000 रुपये प्रतिमाह मिलेंगे। चयन प्रक्रिया के बारे में भी बताते हैं। योग्य उम्मीदवारों को आवश्यक योग्यता और वर्षों की संख्या के आधार पर शॉर्टलिस्ट कर इंटरव्यू के लिए बुलाया जा सकता है।

चयन प्रक्रिया में आवश्यक योग्यता, वर्षों की संख्या और साक्षात्कार में प्राप्त अंक शामिल हैं। उम्मीदवार 29 अगस्त 2023 तक आधिकारिक वेबसाइट पर रजिस्ट्रेशन कर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

आवेदन शुल्क 600 रुपये है। एससी, एसटी, पीडब्ल्यूडी, भूतपूर्व सैनिक, विभागीय उम्मीदवारों के लिए कोई शुल्क निर्धारित नहीं है। 29 अगस्त आवेदन करने की लास्ट डेट है। इसके अलावा टीएचडीसी ने कार्यकारी प्रशिक्षु भर्ती के लिए ऑनलाइन आवेदन मांगे हैं। एग्जीक्यूटिव ट्रेनी की भर्ती के लिए 8 सितंबर तक आवेदन किए जा सकते हैं। कार्यकारी प्रशिक्षु वित्त के 8 पदों के लिए आवेदन मांगे गए हैं। इसके लिए आवेदक का द इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया, द इंस्टीट्यूट ऑफ कॉस्ट अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया से सीए, सीएमए उत्तीर्ण होना जरूरी है। आयु सीमा 9 अगस्त 2023 तक 30 वर्ष तक होनी चाहिए, सैलरी के तौर पर 50 हजार प्रति माह मिलेंगे। ज्यादा जानकारी के लिए आधिकारिक वेबसाइट www.thdc.co.in पर विजिट करें।






# उत्तराखंड : जाम की दिक्कत से मिलेगा छुटकारा, यहां बनेंगी टनल और मैकेनिकल पार्किंग

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

उत्तराखंड 14 अगस्त : उत्तराखंड की छवि पर्यटन प्रदेश की है। हर साल लाखों पर्यटक यहां पहुंचते हैं, लेकिन इस दौरान उन्हें जाम के अलावा पार्किंग संबंधी परेशानी से दो-चार होना पड़ता है। वीकएंड पर पर्यटक स्थल पैक हो जाते हैं और लोगों को अपने वाहन जहां-तहां सड़कों पर पार्क करने पड़ते हैं। इससे रोड ब्लॉक होती है. और दूसरों को जाम में फंसना पड़ता है। इस समस्या के समाधान के लिए राज्य में टनल व मैकेनिकल पार्किंग के लिए संभावनाएं तलाशी जा रही हैं। सरकार वाहन पार्किंग की सुविधा विकसित करने पर ध्यान दे रही है। ताकि उत्तराखंड आने वाले पर्यटकों को बुरे अनुभव से न गुजरना पड़े। इसी कड़ी में बीते दिन अपर मुख्य सचिव आवास आनंद बर्द्धन ने अधिकारियों की बैठक ली। इस दौरान अपर सचिव ने कहा कि राज्य में टनल व मैकेनिकल पार्किंग के लिए संभावनाएं तलाशी जाएं। प्राधिकरण स्तर पर संचालित पार्किंग परियोजनाओं को तेजी से पूर्ण कराना सुनिश्चित किया जाए। समीक्षा बैठक में पार्किंग योजनाओं के अलावा सिटी मोबेलिटी प्लान, यूनिटी माल, लैंड बैंक, शेल्टर फंड, मानचित्रों के निस्तारण को लेकर भी चर्चा हुई। अपर मुख्य सचिव ने निर्देश दिए कि ऋषिकेश, देहरादून, नैनीताल, हरिद्वार व ऊधमसिंहनगर में यूनिटी मॉल के लिए चिह्नित भूमि की डीपीआर जल्द तैयार कराई जाए। केंद्र की ओर से हर शहर में यूनिटी मॉल तैयार करने की योजना है, जहां स्थानीय उत्पादों को बिक्री के लिए रखा जाएगा। अपर मुख्य सचिव ने कहा कि सिटी मोबिलिटी प्लान तैयार किए जाने जरूरी है, ताकि शहरों में ट्रैफिक व्यवस्था सुदृढ़ बने। इसके लिए, महायोजना के निर्माण में सिटी मोबिलिटी प्लान के आधार पर प्रावधान किए जाएं। अधिकारी विकास प्राधिकरण मानचित्र स्वीकृति को सर्वसुलभ व आसान बनाने के साथ ही निर्धारित अवधि में इन्हें स्वीकृत कराना सुनिश्चित करें। अपर मुख्य सचिव ने प्राधिकरणों को मिलने वाले शेल्टर फंड का उपयोग निर्बल आय वर्ग के लिए आवास निर्माण में करने के भी निर्देश दिए हैं।





# प्रवेश में 50 प्रतिशत आरक्षण की मांग को लेकर सीएम से मिले छात्र

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

श्रीनगर गढ़वाल। नेशनल टेस्टिंग ऐजंसी (एनटीए) के माध्यम से हुई सीयूईटी प्रवेश परीक्षा में उत्तराखंड के छात्रों को हो रही पेशानियों को लेकर आर्यन छात्र संगठन ने प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से मुलाकात की। इस दौरान छात्र नेताओं ने कहा कि विश्वविद्यालयों में प्रवेश के लिए अब सीयूईटी प्रवेश परीक्षा आयोजित की जा रही है। जिससे छात्रों को प्रवेश नहीं मिल पा रहा है। उन्होंने मुख्यमंत्री से गढ़वाल विवि में उत्तराखंड के छात्रों को प्रवेश में 50 प्रतिशत आरक्षण दिलाए जाने की पैरवी करने की मांग की। साथ ही उन्होंने मुख्यमंत्री के माध्यम से केंद्रीय शिक्षा मंत्री को ज्ञापन भी भेजा।

गढवाल विवि के पूर्व महासचिव देवकांत देवराड़ी और प्रदीप सिंह रावत ने कहा कि पहाड़ की विषम भौगोलिक परिस्थितियों को देखते हुए उत्तराखंड में 1973 में गढ़वाल विवि की स्थापना हुई थी। वर्ष 2009 में गढ़वाल विवि को केंद्रीय विवि का दर्जा मिला था। जिसकी मूल भावना पहाड़ के छात्र-छात्राओं को कम खर्च और केंद्रीय विवि जैसी सुविधाएं प्रदान करना था। लेकिन वर्तमान में सीयूईटी प्रवेश परीक्षा होने से छात्रों को यहां प्रवेश नहीं मिल पा रहा है। साथ ही सीयूईटी प्रवेश परीक्षा कम्प्यूटर आधारित प्रवेश परीक्षा होने के चलते पहाड़ के छात्रों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। परीक्षा केंद्र मीलों दूर होने से भी पहाड़ के छात्र-छात्राओं को काफी दिक्कतें हो रही हैं।

एचएनबी स्टूडेंट्स वॉइस ने कुलाधिपति को भेजा ज्ञापन

श्रीनगर गढ़वाल। गढ़वाल विवि में छात्रहितों से जुड़ी मांगों को लेकर एचएनबी स्टूडेंटस वॉइस ने उत्तराखंड के छात्र-छात्राओं को 50 प्रतिशत आरक्षण दिए जाने की मांग को लेकर विवि के कुलाधिपति को ज्ञापन प्रेषित किया। गढ़वाल विवि के कुलाधिपति डा. योगेंद्र नारायण को ऑनलाइन माध्यम भेजे ज्ञापन में स्टूडेंट वॉइस के अध्यक्ष सौरभ चंद्र सानू ने कहा है कि गढ़वाल विवि में एनटीए के माध्यम से होने वाली सीयूईटी परीक्षा केंद्र दूर होने के चलते कई छात्र परीक्षा देने से वंचित रह गये। कहा कि यदि सीयूईटी की व्यवस्था खत्म नहीं होती है तो उत्तराखंड के छात्रों को प्रवेश मिलना मुश्किल हो जाएगा। उन्होंने उत्तराखंड के छात्रों को 50 प्रतिशत का आरक्षण दिए जाने, पीजी कोर्स में 5 प्रतिशत का कैंपस वेटेज देने की मांग की गई।

# टाउनशिप योजना के विरोध में निकाली तिरंगा यात्रा

ऋषिकेश। संयुक्त किसान मोर्चा ने इंटीग्रेटेड टाउनशिप योजना के विरोध में तिरंगा यात्रा निकाली। उन्होंने सरकार से टाउनशिप योजना के निरस्तीकरण का शासनादेश जारी करने की मांग की। रविवार को डोईवाला में संयुक्त किसान मोर्चा ने तिरंगा यात्रा का आयोजन किया। जिसके तहत किसान भानियावाला फ्लाई ओवर के नीचे एकत्रित हुए। किसानों ने हाथों में झंडा लेकर लच्छीवाला, मिस्सरवाला, चांदमारी, प्रेमनगर बाजार, डोईवाला बाजार से गुरुद्वारे के समक्ष धरना स्थल तक रैली निकाली। संयुक्त किसान मोर्चा संयोजक सरदार ताजेंद्र सिंह ने कहा कि सरकार डोईवाला में इंटीग्रेटेड टाउनशिप योजना को लेकर अलग-अलग बयान दे रही है। किसान रैली के माध्यम चेताया कि सरकार अपने द्विभाषी बयानों से बाज आए। उन्होंने कहा सीएम पुष्कर सिंह धामी और शहरी विकास मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल दोहरे बयान देना बंद करें। संयुक्त किसान मोर्चा के उपसंयोजक सुरेन्द्र खालसा ने कहा कि सरकार किसानों के आंदोलन को राजनैतिक आंदोलन बतलाकर बदनाम करने पर उतारू है। जबकि इस जन आंदोलन में मजदूर किसान एवं महिला किसानों की अग्रणी भूमिका है। उन्होंने कहा कि जब तक सरकार टाउनशिप योजना के निरस्तीकरण का एक स्पष्ट शासनादेश शासन स्तर से जारी नहीं करेगी, आंदोलन जारी रहेगा। इस दौरान किसानों का अनिश्चितकालीन धरना सातवें दिन भी जारी रहा। रैली में किसान नेता पूनम सदाल, छन्दो देवी, फुलदी देवी, अमरजीत कौर, जुगली देवी, बाला देवी, रामकली देवी, हेमा, गुड्डो, चमेली देवी, कुंता, विमला देवी, परमजीत कौर, ग्राम प्रधान अनिल पाल, सागर मनवाल, हाजी अमीर हसन, जितेंद्र कुमार, मनीष धीमान, गुरदीप सिंह, इंद्रजीत सिंह, हबीब अहमद, असलम, मोहित उनियाल, गौरव सिंह, राजवीर सिंह, सरदार निर्मल सिंह, हरजीत सिंह, रिंकू सिंह, सरजीत सिंह, एसपी सिंह, सुनील बर्मन, सरदार जशवंत सिंह आदि उपस्थित रहे।

# रायवाला में जलभराव पर हाईवे जाम किया

ऋषिकेश। रायवाला ग्राम पंचायत के वार्ड नंबर 11 में चार दिन से जमा पानी की निकासी का इंतजाम नहीं होने पर प्रभावित परिवार बिफर गए। उन्होंने हरिद्वार-देहरादून नेशनल हाईवे जाम करते हुए प्रदर्शन किया। पानी की निकासी की मांग को लेकर नारेबाजी की। पुलिस अधिकारियों के समझाने पर वह शांत हुए। उन्होंने सोमवार तक आबादी से पानी नहीं निकलने पर दोबारा हाईवे जाम की चेतावनी दी है। करीब 40 मिनट तक हाईवे जाम रहने से वाहन चालक परेशान रहे। रविवार शाम करीब चार बजे करीब 150 ग्रामीण नेशनल हाईवे पर पहुंचे और उन्होंने राजमार्ग को जाम करते हुए बरसाती पानी की निकासी की मांग को दोहराया। जाम लगते ही हाईवे के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गई। आनन-फानन में पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे। उन्होंने प्रभावित परिवारों को समझाने का प्रयास किया, लेकिन वह समस्या के निस्तारण की मांग को लेकर करीब 40 मिनट तक हाईवे पर जमे रहे। जाम लगने से वाहन सवारों को दिक्कतें पेश आई। कुछ वाहन सवारों ने खांड गांव के मार्ग का रूख किया। थानाध्यक्ष आईपीएस प्रशिक्षु जितेंद्र मेहरा ने मौके पर पहुंचकर प्रभावित परिवारों से बातचीत की, जिसके बाद वह शांत हुए और जाम खोला। प्रधान जयानंद डिमरी ने बताया कि प्रशासन और पुलिस को सोमवार तक का वक्त बरसाती पानी की निकासी के लिए दिया गया है। अगर ऐसा नहीं होता है, तो फिर से हाईवे का जाम करने के लिए मजबूर होंगे। बताया कि प्रशासन ने पंपिंग सेट की व्यवस्था तो की है, मगर उसका पाइप फटने से यह प्रयोग सफल नहीं हो पा रहा है।

## वनमंत्री उनियाल ने किया आपदा प्रभावित क्षेत्र का निरीक्षण

ऋषिकेश। नगर पालिका परिषद मुनिकीरेती-ढालवाला क्षेत्रान्तर्गत आपदा से प्रभावित हुए क्षेत्रों का कैबिनेट मंत्री सुबोध उनियाल ने निरीक्षण किया। उन्होंने आला अधिकारियों को आपदा प्रभावित क्षेत्रों में शीघ्र ही तटबंध एवं पुश्ता निर्माण के निर्देश दिए। रविवार को कैबिनेट मंत्री सुबोध उनियाल विभिन्न विभागों के आला अधिकारियों के संग नगर पालिका परिषद मुनिकीरेती-ढालवाला क्षेत्र में पहुंचे। यहां उन्होंने ढालवाला वार्ड 11 में आपदा से प्रभावित क्षेत्रों का निरीक्षण किया। इसके बाद पैदल ही ढुंगुखाला व भैंसखाला तक निरीक्षण किया। जिसके बाद उन्होंने जिलाधिकारी को फोन से शीघ्र ही ढुंगुखाला से पुराना आरटीओ ऑफिस तक तटबंध का निर्माण करने हेतु निर्देशित किया। इसके बाद कैबिनेट मंत्री ने खाराश्रोत में बीते दिनों जहां से पानी का सैलाब फूट पड़ा था, वहां का निरीक्षण किया। उन्होंने एसडीएम देवेंद्र सिंह नेगी को शीघ्र ही यहां पर पुश्ते के निर्माण एवं नाले को शिफ्ट करने हेतु निर्देशित किया। इस मौके पर पालिकाध्यक्ष रोशन रतूड़ी, तहसीलदार अयोध्या प्रसाद उनियाल, लोनिवि के सहायक अभियंता गंभीर सिंह असवाल, जेई रूपेश भट्ट, सभासद विरेन्द्र चौहान, सुभाष चौहान, सभासद प्रतिनिधि राजेंद्र थलवाल, रोहित गोडियाल आदि उपस्थित थे।

## एसएसपी ने घायल युवक को दिया प्राथमिक उपचार

हरिद्वार। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय सिंह ने दुर्घटना में मामूली रूप से घायल बाइक सवार का खुद प्राथमिक उपचार कर अस्पताल भिजवाया। घटना दूधाधारी चौक से कुछ दूरी पर राजमार्ग पर घटित हुई। मोटरसाइकिल सवार एक युवक ने संतुलन खोल दिया, जिसके बाद वह मोटरसाइकिल से नीचे जा गिरा। इसी दौरान पीछे से आ रहे एसएसपी अजय सिंह रुक गए। एसएसपी ने पहले तो बाइक सवार को संभाला, जिसके बाद अपने सरकारी वाहन से प्राथमिक उपचार किट निकालकर उसका प्राथमिक उपचार किया। मोटरसाइकिल सवार युवक के हाथ एवं पैर में खरोचें आई थीं। एसएसपी ने प्राथमिक उपचार के बाद सप्तऋषि चौकी की मदद से युवक को पास के ही एक अस्पताल में भेजा। एसएसपी अजय सिंह के इस कार्य की हर कोई सराहना करता रहा।

## प्रवर्तन कार्मिकों ने की ढांचा पुनर्गठन की मांग

हरिद्वार। परिवहन विभाग प्रवर्तन सिपाही कर्मचारी संगठन ने ढांचा पुनर्गठन की मांग की है। संगठन की जिला स्तरीय बैठक में वक्ताओं ने कहा कि कार्मिकों के हित प्रभावित नहीं होने चाहिए। संगठन के शिव कुमार बहुगुणा ने कहा कि साल 2018 में प्रवर्तन कार्मिकों के पदोन्नति में एकमात्र पद परिवहन उप-निरीक्षक का था। प्रत्येक जगह तहसील स्तर पर इसका गठन प्रस्तावित किया था। 84 पदों जगह शासन से केवल 31 पदों को मंजूरी मिली। प्रदेश महासचिव महेंद्र सिंह बोहरा ने कहा कि कई सालों से काम कर रहे कर्मचारी पदोन्नति से वंचित हैं। ढांचा पुनर्गठन किए जाने की मांग कई बार की जा चुकी है। सरकार के स्तर से इस पर अब तक कार्यवाही नहीं हुई। उन्होंने कहा कि परिवहन उप निरीक्षक (प्रवर्तन) के पदों की संख्या बढ़ाई जाए। इस दौरान परविंदर लाल, प्रमोद कुमार, रीता पटवाल, दीपक कुमार, अनिल कुमार, विजेंदर अवस्थी, वीरेंद्र कुमार, आनंद भवान, प्रकाश सेमवाल, कपिल प्रसाद, अमित धारीवाल, सुनील कोटनाला, रमेश पंत, कुलदीप नेगी आदि मौजूद रहे।

## क्षेत्र का समग्र विकास भाजपा शासनकाल में : आदेश चौहान

हरिद्वार। रानीपुर विधायक आदेश चौहान ने नगर निगम के वार्ड-54 में सडक़ का पुनर्निर्माण कार्य शुरू कराया। भाजपा मंडल अध्यक्ष और पार्षद नागेंद्र राणा के नेतृत्व में स्थानीय लोगों ने विधायक आदेश चौहान का स्वागत किया। विधायक चौहान ने दावा किया कि सरकार में क्षेत्र के विकास के लिए लगातार काम कर रही है। कार्यक्रम में पार्षद विकास कुमार, जिला महामंत्री किसान मोर्चा कमल प्रधान, विमला, अजय, बबली,योगेंद्र सिंह तोमर,पवन कुमार,राहुल कुमार,अनुज त्यागी,जसवीर त्यागी,प्रकाश वीर त्यागी,केपी कोठारी, पुरुषोत्तम गोदियाल, जयपाल शर्मा, विनोद सैनी, विवेक कश्यप, पंकज बागड़ी,सत्यदेव, विजय राजपूत आदि मौजूद रहे।

# संक्षिप्त खबरें

## नई टिहरी में व्यापार बढ़ाने को व्यापारियों का मंथन

नई टिहरी। नई टिहरी के व्यापारियों की एक अहम आम बैठक सुमन पार्क में आयोजित की गई। बैठक में नई टिहरी में व्यापार बढ़ाने, पर्यटकों को नई टिहरी तक लाने की की रणनीति व नई टिहरी को पर्यटन मानचित्र पर स्थापित करने के लिए कई बिंदुओं पर चर्चा की गई। रविवार को नई टिहरी के व्यापारियों की आयोजित बैठक में निर्णय लेते हुए तय कर बताया गया कि चंबा-कोटी सडक़ मार्ग को वनवे किया जाना चाहिए, नई टिहरी में बसों व टैक्सियों को 15 से तीन मिनट तक अनिवार्य किया जाय। नगर पालिका नई टिहरी में जगह-जगह पर स्मार्ट ठेली लगवाएं। अंग्रेजी शराब के दुकान की एक ब्रांच नई टिहरी में स्थापित की जाय। रोपवे निर्माण कोटी कालोनी से पिकनिक स्पाट तक बनाया जाय। डायजर के नीचे कृत्रित झील का निर्माण कर पर्यटक स्थल बनाया जाय। अतिक्रमण के नाम पर व्यापरियों को परेशान न किया जाय। चंबा व नई टिहरी के बीच सौन्दर्यीकरण के कार्य कर चौराहों को पर्यटकों के अनुकूल विकसित किया जाय। चौराहे की पार्किंगों पर किसी अन्य प्रकार का निर्माण न किया जाय। सुमन पार्क नई टिहरी का सौंदर्यीकरण किया जाय। टेलर मार्केट नई टिहरी में सार्वजनिक शौचालय का निर्माण किया जाय। बैठक में नई टिहरी के व्यापार मंडल अध्यक्ष ज्योति प्रसाद डोभाल, लक्ष्मी उनियाल, दिनेश चौहान, सभासद विजय कठैत, गणेश मैठाणी, मुकेश सहित दर्जनों मौजूद रहे।

## बोर्ड परीक्षा की मेरिट सूची में स्थान के लिए करें प्रयास

श्रीनगर गढ़वाल। सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज श्रीकोट गंगानाली में छात्र-छात्राओं के सर्वांगिण विकास के लिए अभिभावकों के साथ चर्चा बैठक आहुत की गई। इस मौके पर विद्यालय प्रबंधन ने विद्यालय में हो रहे अध्यापन कार्य के साथ ही अभिभावकों से घर पर बोर्ड एवं गृह परीक्षार्थियों के अध्ययन के समय को बढ़ाने का अनुरोध किया। साथ ही बोर्ड परीक्षा की मेरिट सूची में स्थान लाने के प्रयास एवं संस्कार पक्ष को और मजबूत किए जाने पर जोर दिया गया। मौके पर अभिभावकों द्वारा दिए गए सुझाव पर शिक्षण को और प्रभावी बनाने एवं छात्रों की विभिन्न गतिविधियों से क्रियात्मक जिज्ञासा उत्पन्न कराए जाने के लिए विद्यालय स्तर पर और प्रयास किए जाने का विश्वास दिलाया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के प्रधानाचार्य भीमराज बिष्ट ने समस्त अभिभावकों को विश्वास दिलाया गया कि अभिभावक जिस अपेक्षा को विद्यालय से रखते हैं उसको पूरा करने का प्रयास किया जाएगा मौके पर आचार्य कुलदीप नेगी, कृष्ण किशोर भंडारी, पुरुषोत्तम गैरोला, किरण भट्ट, कंचन मेहरा, सुरेश गैरोला, तेजपाल नेगी, मुकेश नेगी आदि मौजूद रहे।

## नौटियाल अध्यक्ष और राणा बने महासचिव बने

श्रीनगर गढ़वाल। श्रीकोट गंगानाली में व्यापार सभा की नई कार्यकारिणी के पदाधिकारियों का निर्विरोध निर्वाचन हुआ। जिसमें नरेश नौटियाल को फिर से व्यापार सभा का अध्यक्ष, त्रिभुवन राणा को महासचिव व देवानंद रतूड़ी को कोषाध्यक्ष चुना गया। इस मौके पर मौजूद पूर्व व्यापार सभा अध्यक्ष हयात सिंह झिंक्वाण सहित अन्य व्यापारियों ने नव निर्वाचित पदाधिकारियों को बधाई दी। साथ ही व्यापारियों की समस्या पर शीघ्र कार्रवाई करने का अनुरोध किया। नव निर्वाचित अध्यक्ष नौटियाल ने कहा नई ऊर्जा के साथ व्यापारियों की समस्याओं के समाधान के लिए वह हमेशा प्रयासरत रहेंगे।

## संत निरंकारी सेवा दल ने किया पौधरोपण

श्रीनगर गढ़वाल। संत निरंकारी मंडल नई दिल्ली के तत्वावधान में संत निरंकारी सेवा दल की ओर से अलकनंदा नदी तट पर पौधरोपण किया गया। इस दौरान सेवा दल के सदस्यों की ओर से 50 औषधीय पौधे लगाए गए एवं नदी तट पर सफाई की गई। इस दौरान लोगों को पौधरोपण एवं नदी की सफाई के लिए जागरूक किया गया। मौके पर नगर निगम के स्वास्थ्य निरीक्षक शशि पंवार, निरंकारी मिशन के ब्रांच संयोजक हरि लाल शाह, संचालक रजनू लाल, शिक्षक नरेंद्र सिंह नेगी, मीडिया प्रभारी पंकज सती, डा.सुधीर, ज्ञान प्रचारक के. पोखरियाल, सुरेश भगत, उर्मिला, दिव्या आदि मौजूद रहे।

## जलवायु परिवर्तन से निपटने में बताई परंपरागत ज्ञान की महत्ता

श्रीनगर गढ़वाल। हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल विश्वविद्यालय के पर्यावरणीय विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष एवं शोध समन्वयक प्रो. आरके मैखुरी ने आईसीआईएमओडी मुख्यालय, काठमांडू, नेपाल में दो दिवसीय क्षेत्रीय कार्यशाला में समुदाय आधारित परंपरागत अनुकूलन विधियों पर किए गए अध्ययन पर प्रस्तुतीकरण दिया। जिसमें उन्होंने शोध परियोजना के तहत भारत में हो रहे शोध कार्यों पर प्रकाश डालते हुए जलवायु परिवर्तन से निपटने में परंपरागत ज्ञान की महत्ता बताते हुए इसके व्यापक स्तर पर प्रचार-प्रसार पर जोर दिया। इस अवसर पर विभाग के अतिथि शिक्षक रविंद्र सिंह ने गढ़वाल हिमालय में परंपरागत चिकित्सा पद्धति तथा पशु-चिकित्सा में व्यापक रूप से प्रयुक्त होने वाले औषधीय पादपों के प्रति समुदाय आधारित ज्ञान पर हुए अध्ययन का प्रस्तुतीकरण दिया। कार्यशाला के आयोजकों एपीएन-आईजीईएस जापान तथा एचयूसी नेपाल के प्रतिनिधियों के साथ-साथ उपस्थित सभी विशेषज्ञों द्वारा विभाग द्वारा किए गए अध्ययन व शोध की सराहना करते हुए हिंदूकुश क्षेत्र के साथ वैश्विक परिदृश्य में इसकी प्रासंगिकता पर जोर देते हुए इसे आत्मसात किए जाने पर बल दिया गया। प्रो. मैखुरी ने बताया कि कार्यशाला में भारत के अलावा जापान, नेपाल, भूटान, चीन, म्यांमार, ताइवान, बांग्लादेश तथा पाकिस्तान आदि देशों के 50 से अधिक विषय विशेषज्ञों व प्रतिनिधियों ने प्रतिभाग किया।

## फल, सब्जी, जूस बेचने वालों को बांटे छाते

श्रीनगर गढ़वाल। अलकनंदा वैली रोटरी क्लब ने प्रोजेक्ट छाया के तहत सडक़ किनारे फल, सब्जी, जूस आदि बेचने वाले 20 जरूरतमंद लोगों को धूप व बारिश से बचने के लिए उनके व्यवसाय स्थल पर जाकर बड़े छाते वितरित किए। इस मौके पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कोतवाली थाना प्रभारी निरीक्षक रवि कुमार सैनी का वरिष्ठ रोटेरियन प्रेम बल्लभ नैथानी ने माल्यार्पण कर स्वागत किया। प्रभारी निरीक्षक सैनी ने अलकनंदा वैली रोटरी क्लब के कार्यों की सराहना कर हर संभव मदद देने का आश्वासन दिया। कार्यक्रम में व्यापार सभा अध्यक्ष दिनेश असवाल, गजपाल सिंह नेगी, कृपाल सिंह पटवाल, धनेश उनियाल, नवल किशोर जोशी, प्रदीप मल्ल, अजय प्रकाश जोशी, धनराज सिंह बुटोला, अर्जुन सिंह गोसांई, मेहरबान सिंह रावत, जेएस कंडारी, पूनम जोशी, डॉ. सुनील बिज्लवाण आदि मौजूद रहे।

## कंपनी से सामान चोरी कर ले जाते पकड़े गए चालक परिचालक

हरिद्वार। सिडकुल की एक कंपनी से चोरी से सामान ले जाने वाले चालक-परिचालक को गार्ड ने पकड़ लिया। पुलिस ने दोनों आरोपियों पर मुकदमा दर्ज कर लिया है। कंपनी के एचआर विभाग के हृदय राज जाखी निवासी नवोदय नगर रोशनाबाद ने बताया कि बीते बारह अगस्त को कंपनी से रोज की तरह गाड़ी बाहर निकल रही थी। जब एक गाड़ी की तलाशी ली गई तो उसमें कंपनी से कीमती सामान था। जिसे बिना अनुमति चोरी से बाहर ले जाया जा रहा था।

# VIJAYVANI 2.0 के मंच पर नए उभरते कवियों, शायरों ने दिखाया हुनर










■ विवेक सेमालती द्वितीय स्थान पर विजय पाल एवं तृतीय स्थान पल्लवी डिमरी ने सभी का जीता दिल

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून 14 अगस्त : निरावधी की ओर से आयोजित विजयवाणी की ओर से उन लोगो को लिए आयोजित किया जाता है जो मंच पर पहली बार कविता पाठ कर रहे हों। आयोजन आज पटेल नगर स्थित गुरु राम राय कॉलेज में किया गया। कार्यक्रम में भी प्रतिभागियों ने प्रतिभा किया जिनमें प्रथम स्थान पर विवेक सेमालती द्वितीय स्थान पर विजय पाल एवं तृतीय स्थान पल्लवी डिमरी ने सभी का दिल जीत लिया। कार्यक्रम की शुरुआत आयोजन एवं निरावधि की डायरेक्टर डॉक्टर प्राची चंद्रा , हास्य कवि फेमस खतौलवी, करुणा रस काव्यत्री एवं ग़ज़ल गायिका मीरा नवेली, श्रृंगार रस काव्यत्री महिमा , प्लेसमेंट हैडी डॉक्टर मनीषा मैधुली, डीन अकेडमी डॉक्टर कुमुद सकलानी एवं मशहूर कवि एवं मॉडरेटर परवेज गाज़ी जी ने दीप प्रज्वलन कर की। प्रतिभागी : मीनू अदलक्खा , मंजू नेगी, पल्लवी डिमरी, रमा चोपड़ा, संगीता विरमानी, गौरव सारथी, नीलेश शर्मा, गोपाल अरोड़ा, डॉक्टर सीमा गुप्ता, इरा मठपाल, नेहा चोकसी , नीरू गुप्ता (मोहिनी), निहाल, विवेक, मीर, विजय पाल, मनीषा रावत, ज्ञान प्रकाश गुप्ता, आकाश बत्रा मौजूद थे।

अतिथि

प्रतीक जैन, यशवीर सिंह , रूपा सोनी, किरण सिंह , खादी बोर्ड की अधिकारी डॉक्टर अलका पांडे, बीजेपी उपाध्यक्ष रुचि भट्ट, आरोग्यधाम हॉस्पिटल के ओनर डॉक्टर विपुल कंडवाल, समाजसेवी सुमित अदलखा, इंद्रजीत सिंह, ओ एस डी मुख्यमंत्री श्री मदान जी, डिंपल सिंह, माया कॉलेज की एम डी तृप्ति जुयाल सेमवाल, आप नेता रविंद्र आनंद, क्यारी नर्सरी की ओनर डिंपल सिंह, रूपा सोनी, मधु मारवाह , डॉक्टर स्वाति मिश्रा समाजसेवी इमरान अहमद, श्री गुरु राम राय कॉलेज के चांसलर डॉ यशसवीर दीवान, रजिस्ट्रार अजय खंडूरी जी, प्लेसमेंट हैडी डॉक्टर मनीषा मैधुली, डीन अकेडमी डॉक्टर कुमुद सकलानी आदि लोग मौजूद थे।

जज पैनल

हास्य कवि फेमस खतौलवीकरुणा रस काव्यत्री एवं ग़ज़ल गायिका मीरा नवेली- श्रृंगार रस काव्यत्री महिमा

संचालनः डॉ प्राची चंद्रा (नीरा) आयोजक भी हैं मशहूर कवि परवेज गाज़ी

टीमः मयूर कंडवाल, प्रियंका बाजपेई, अंकुर भट्ट, अनन्या सदाना, अंकित चौहान।प्रोत्साहन : ज्योति गौर ,निहाल - 5 , नेहा चकड़ी -1 , संगीता वर्मा -7 , मनीषा -20 , अखिल भाटिया -17 , पारुल , जिसान उल्लाह -8, मीणा अदतालक्षा -12

पूर्व पार्टिसिपेंट्स : खामोश इंसान, हरीश कंडवाल, आयुष बलूनी।

# देहरादून : कस्तूरी संस्था ने हर्ष और उल्लास के साथ मनाया तीज का त्यौहार



न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून 14 अगस्त : कार्यक्रम की मुख्य अतिथि गीता धामी पत्नी पुष्कर सिंह धामी माननीय मुख्यमंत्री उत्तराखंड धामी द्वारा कस्तूरी संस्था द्वारा किए जा रहे सामाजिक कार्यों की सराहना की और तीज उत्सव पर किए के रंगारंग कार्यक्रम की भूरी भूरी प्रशंसा की। तीज उत्सव का आयोजन CSI देहरादून में किया गया । कार्यक्रम में अनीता सिंघल ,अंजू शाह ,नीलम मोहन, नीना ग्रेवाल ,शिवानी पटनायक ,सुनीता सुहाग, संगीता ,प्रनीति, रिचा , शिमना, स्निग्धा ,गीता ,स्नेहा ,दीप्ति, सुजान , नीलिमा द्वारा प्रतिभाग किया गया। शेरिल, तथा शेराली, द्वारा भी गीत एव नृत्य की प्रस्तुति की । महिलाओं में अंजू,नीलम ,सुनीता ,सुजान ,रिचा, नीलिमा एवं मीनाक्षी ने नृत्य तथा गीत गाकर सब को सम्मोहित किया। इस उत्सव का कस्तुरी द्वारा आयोजन करने का मुख्य उद्देश्य था कि हम अपनी संस्कृति और त्योहारों से जुड़े तथा इनके बारे में जानने का मौका मिले।

# क्षेत्रीय वैदिक सम्मेलन को लेकर बैठक आज

नई टिहरी। नई टिहरी में आगामी दिनों में होने वाले तीन दिवसीय क्षेत्रीय वैदिक सम्मेलन को लेकर बौराड़ी के सामुदायिक मिलन केंद्र में सोमवार सांय पांच बजे विभिन्न संगठनों से जुड़े लोगों की बैठक होगी। सनातन धर्म शक्तिपीठ दुर्गा मंदिर समिति नई टिहरी के प्रबंधक राजेन्द्र प्रसाद चमोली ने जानकारी देते हुये बताया कि नई टिहरी में पहली बार वैधिक सम्मलेन का आयोजन किया जा रहा है। बताया सम्मेलन का आयोजन आगामी 25 सितंबर से प्रस्तावित है। सोमवार को होने वाली बैठक उद्योग व्यापार मंडल के पदाधिकारी कर्म सिंह तोपवाल के नेतृत्व में संपन्न होगी, उन्होंने बैठक में अधिक से अधिक लोगों को उपस्थित होने को कहा है।

## नरेन्द्रनगर में बीटेक और एआई की पढ़ाई होगी

नई टिहरी। राजकीय पॉलीटेक्निक कॉलेज नरेन्द्रनगर में जल्द बीटेक और आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस (एआई) कोर्स की पढ़ाई शुरु होगी। इसके बाद पॉलीटेक्निक कॉलेज राजकीय इंटीग्रेटेड इंस्टिट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टैक्नोलॉजी कॉलेज नरेन्द्रनगर के नाम से जाना जाऐगा। नरेन्द्रनगर पालिकाध्यक्ष राजेंद्र विक्रम सिंह पंवार ने बताया कि तकनीकी शिक्षा मंत्री सुबोध उनियाल के प्रयासों से नरेन्द्रनगर पॉलीटेक्निक कॉलेज में शैक्षिणिक सत्र 2023-24 से बीटेक और आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस (एआई) के कोर्स को संचालित करने की स्वीकृति मिली चुकी है। जल्द ही बीटेक की 60 तथा एआई की 30 सीटों पर छात्रों के प्रवेश शुरु होंगे। संस्थान में यह स्नातक स्तर के नये पाठयक्रम होंगे, इसके लिये एआईसीटीई के मानकों के अनुरुप जल्द स्टाफ और फैकल्टी की व्यवस्था सुनिश्चित की जाऐगी। संस्थान में दो नये कोर्स शुरु होने से क्षेत्र के युवाओं को नरेन्द्रनगर में ही इन कोर्सों की पढ़ाई की सुविधा मिलेगी,युवाओं को उक्त कोर्सों के लिये बड़े शहरों का रुख नहीं करना पड़ेगा। नरेन्द्रनगर में उच्च शिक्षा के दो नये कोर्सों शुरु होने पर नरेन्द्रनगर और क्षेत्र के लोगों कैबिनेट मंत्री सुबोध उनियाल का आभार जताया है।

# डाइजेस्ट नहीं होता खाना तो तुरंत डेली रूटीन में करें ये बदलाव

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट 14 अगस्त , अगर कुछ भी खाते हैं और सही से पचता नही हैं तो आपका पाचन तंत्र कमजोर हो सकता है. इसके पीछे आपकी खराब लाइफस्टाइल भी हो सकती है. डेली रूटीन में कुछ बदलाव करके पेट से जुड़ी समस्याओं से छुटकारा पाया जा सकता है.

सेहत के बारे में कहा जाता है कि डाइजेशन सही हो तो आधी से ज्यादा बीमारियां दूर रहती हैं. अगर खाना सही से न पचे तो शरीर को जरूरत के मुताबिक पूरे पोषक तत्व नहीं मिल पाते हैं, जिससे आपका शरीर और रोग प्रतिरोधक क्षमता (इम्यूनिटी) कमजोर हो जाती है. इम्यूनिटी कमजोर होने पर कई बीमारियां होने की आशंका रहती है. डाइजेशन से जुड़ी प्रॉब्लम अगर लगातार बनी रहें तो अपनी खान-पान और डेली रूटीन में बदलाव करना बेहद जरूरी हो जाता है.

कुछ भी खाते हैं और पचता नहीं है या फिर हर वक्त पेट में मरोड़, कब्ज की समस्या बनी रहती है तो इसके पीछे की वजह आपका कमजोर पाचन तंत्र हो सकता है. अगर आप भी आए दिन पेट से जुड़ी समस्याओं से जूझते हैं तो डेली रुटीन में कुछ छोटे-छोटे बदलाव आपके पाचन को मजबूत बनाने में हेल्पफुल रहेंगे और आप एनर्जेटिक महसूस करेंगे

सुबह उठकर पानी

अगर डाइजेशन से परेशान हैं तो रोजाना का ये नियम बना लें कि सुबह उठकर एक गिलास गुनगुना पानी पिएं, इससे आपकी बॉडी के टॉक्सिन यानी विषाक्त पदार्थ बाहर निकलते हैं और पाचन में धीरे-धीरे सुधार आने लगता है.

नाश्ता न करें स्किप

ज्यादातर लोगों की आदत होती है कि काम की जल्दी में वह या तो आधा-अधूरा नाश्ता करते हैं या फिर सिर्फ चाय पीकर घर से निकल जाते हैं, लेकिन आपकी ये आदत पेट में गैस बना सकती है. इसलिए रोजाना अपना ब्रेकफास्ट टाइम से करने की आदत डालें और कोशिश करें कि ब्रेकफास्ट हेल्दी हो, खाली पेट चाय भूलकर भी नहीं पीनी चाहिए.

योग या फिर एक्सरसाइज

खुद को एनर्जी देने और हेल्दी रहने के लिए अपनी सुबह की शुरुआत योगा या फिर एक्सरसाइज, साइकलिंग, वॉक करने से करें. इससे आपका डाइजेशन तो सही रहेगा ही साथ ही आपकी पूरी बॉडी को कई हेल्थ बेनेफिट्स मिलेंगे.

डिनर का बनाएं ये नियम

रात को खाने में कोशिश करें कि हल्की चीजें ही लें ताकि पचाने में आसानी हो. खाने और सोने के बीच तकरीबन दो घंटे का अंतर रखें, इसके साथ ही खाने के बाद कुछ देर टहलने की आदत डालें.



## पिलखी गांव में पौधरोपण किया

चमोली। मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के तहत शनिवार को ग्राम पंचायत भेंटा के पिलखी गांव में स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्व. गोविंद सिंह नेगी की स्मृति में पौधरोपण किया गया और अमर शहीदों के बलिदान को याद कर नमन किया गया। गोविंद सिंह नेगी आजाद हिंद फौज के सिपाही थे। बर्मा सिंगापुर की लड़ाई में वह शहीद हो गए थे। उनकी वीरता के लिए उन्हें ताम्रपत्र भी मिला। मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के तहत शनिवार को उनके गांव में स्थानीय लोगों ने उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किए और उनके नाम से पौधरोपण किया गया। मौके पर जोशीमठ पूर्व प्रधान संगठन के अध्यक्ष लक्ष्मण सिंह नेगी के नेतृत्व में कालिंका धार तोक मैं पौधरोपण किया गया। कार्यक्रम में महिला मंगल अध्यक्ष आशा देवी, भूतपूर्व सैनिक सूबेदार भोला सिंह नेगी, पूर्व महिला मंगल अध्यक्ष प्रीति देवी, ममता नेगी, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता दीपा देवी, भूतपूर्व सैनिक नंदा सिंह नेगी आदि शामिल थे।

## केदारनाथ सहित कई प्रमुख मंदिरों के पुजारी रहे राचलिंग का निधन

रुद्रप्रयाग। श्री बदरीनाथ केदारनाथ मंदिर समिति में केदारनाथ और अन्य मंदिरों के पुजारी रहे राचलिंग पुजारी का आकस्मिक निधन हो गया। शनिवार को ऊखीमठ में स्थित रावल व पुजारियों के समाधि स्थल पर उन्हें भू समाधि दी गई। उनके निधन पर स्थानीय लोगों, जनप्रतिनिधियों, स्वयंसेवी संस्थाओं, मंदिर समिति के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने दुख व्यक्त किया। 82 वर्षीय पुजारी राचलिंग द्वारा करीब 44 वर्षों तक केदारनाथ, मद्महेश्वर और ओंकारेश्वर मंदिर में मुख्य पुजारी के रूप में सेवाएं दी गयी। वे कला, साहित्य एवं संगीत के मर्मज्ञ विद्वान थे। उनके निधन पर प्रदेश अध्यक्ष भाजपा महिला मोर्चा आशा नौटियाल,बीकेटीसी के अध्यक्ष अजेंद्र अजय, विधायक शैलारानी रावत, पूर्व विधायक मनोज रावत, ब्लॉक प्रमुख श्वेता पांडेय, पूर्व जिपं अध्यक्ष चंडी प्रसाद भट्ट,नगर अध्यक्ष विजय राणा,पूर्व अध्यक्ष रीता पुष्पवान,कार्याधिकारी रमेश चन्द्र तिवारी,वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी राजकुमार नौटियाल,प्रशासनिक अधिकारी युद्धवीर पुष्पवान, पुजारी गुरुलिंग, राजशेखर लिंग, शिवशंकर लिंग, वागेशलिंग, गंगाधर लिंग, शिवलिंग, आचार्य विश्वमोहन जमलोकी, व्यापार मंडल अध्यक्ष राजीव भट्ट,अध्यक्ष मदन सिंह रावत, पूर्व प्रमुख लक्ष्मी प्रसाद भट्ट, कुशाल सिंह नेगी, राय सिंह राणा, विदेश चंद शैव, विजेंद्र नेगी, विशेश्वर शैवमहेश बत्र्वाल, जितेंद्र राणा, संजय सिंह, आदि ने शोक व्यक्त किया।

## तरसाली में हुई घटना के चार मृतकों के शव गुजरात भेजे

रुद्रप्रयाग। केदारनाथ हाईवे पर तरसाली में टूटी पहाड़ी के नीचे दबकर पांच लोगों की मौत के बाद उनके शवों को गुजरात भेज दिया गया। जिला चिकित्सालय में पोस्टमार्टम की कार्रवाई के बाद प्रशासन, पुलिस और आपदा प्रबंधन के अधिकारियों की मौजूदगी में दो एम्बुलेंसों में शवों को गुजरात भेजा गया। 11 अगस्त की सांय करीब 4:10 बजे केदारनाथ हाईवे पर तरसाली में भारी भरकम चट्टान टूटने गई जिससे यहां गुजर रही एक कार चपेट में आ गई। बड़ी मात्रा में मलबे को पहले दिन नहीं हटाया गया जबकि दूसरे दिन युद्धस्तर पर किए गए कार्य के बाद मलबे में कार और उसमें पांच लोग दबकर मृत पाए गए। इनमें चालक हरिद्वार का रहने वाला था जबकि चार लोग गुजरात के थे। प्रशासन, पुलिस और आपदा प्रबंधन द्वारा सभी शवों को पोस्टमार्टम के लिए जिला चिकित्सालय लाया गया जहां से पीएम के बाद चार शव गुजरात भेज दिए गए हैं। जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी एनएस रजवार ने बताया कि चार शवों को रविवार गुजरात भेज दिया गया है। जबकि एक शव हरिद्वार भेजा गया है। पहले सभी शवों को हेलीकॉप्टर से भेजने की योजना थी किंतु मौसम खराब होने के कारण हेलीकॉप्टर उड़ान नहीं भर सका, जिससे एम्बुलेंस की मदद से शवों को रुद्रप्रयाग जिला चिकित्सालय से गुजरात के लिए भेजा गया।

## लंबी दूरी तय कर बदरीनाथ-हेमकुंड पहुंच रहे हैं यात्री

चमोली। बदरीनाथ हाईवे बाधित होने से हेमकुंड साहिब और बदरीनाथ की यात्रा पर आने वाले यात्रियों को लम्बा रास्ता तय करना पड़ रहा है। यात्री टिहरी धनोल्टी सडक़ से गुजरते हुए बदरीनाथ-हेमकुंड पहुंच रहे हैं। लम्बा रास्ता और मुख्य हाईवे बाधित होने से यात्रियों की संख्या में भी कमी देखी गई है ।

बारिश और भू-स्खलन और सडक़ पर मलबा आने से चमोली जिले की 29 ग्रामीण और लिंक मार्ग अवरुद्ध हो गये हैं। आपदा प्रबंधन अधिकारी एनके जोशी ने बताया कि अवरुद्ध सडक़ों को सुचारु करने का कार्य जारी है। हेलंग उर्गम सडक़ पर बार-बार मलबा आने से उर्गम घाटी के दर्जनों गांवों का जन जीवन प्रभावित हो रहा है। उर्गम घाटी के रघुवीर सिंह नेगी ने बताया कि सडक़ बार-बार बाधित होने से जहां क्षेत्र के लोगों का आम जन जीवन प्रभावित हो रहा है वहीं श्रद्धालु कल्पेश्वर जैसे प्रसिद्ध धाम में बड़ी मुश्किल से पहुंच रहे हैं।

## मेरी माटी मेरा देश के तहत किया पौध रोपण

चमोली। भारत सरकार द्वारा मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के तहत दशोली विकासखंड के ठेली, मैड और मजोठी गांव में ग्रामीणों ने तिरंगा लेकर पौधरोपण रोपण किया । ग्राम प्रधान पूरन फस्र्वाण रोहित फस्र्वाण व दिगंबर ने जानकारी देते हुए कहा कि मेरी माटी मेरा देश अभियान के तहत गांव के महिला मगंल दल, युवक दल व बुजुर्ग संघ के द्वारा 1988 में आपरेशन पवन में श्रीलंका में शहीद सैनिक सोबन और अन्य बलिदानियों को श्रद्धांजलि दी। कहा प्रधान कार्यालय में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। वहीं ठेली मैड में ग्रामीणों के द्वारा फलदार पौधे अमरूद, आंवला, आदि के पौधे रोपित किए। इस मौके पर प्रधान रोशन चंद्र, बीडीसी सदस्य राहुल रावत, कमला देवी, दरबांन सिंह, शिव सिंह,चद्र सिह, महिला ममद अध्यक्ष कुसुम वत्र्वाल रोहित फस्र्वाण आनंदी देवी, प्रियंका, मोनिका व संगीता आदि मौजूद थे।

## संक्षिप्त खबरें

### गुलदार के हमले में महिला घायल

पौड़ी। नागदेव पौड़ी रेंज के भितांई मल्ली में गुलदार ने एक महिला को हमला कर घायल कर दिया। गुलदार के हमले के बाद गांव में गुलदार की दहशत बनी हुई है। ग्रामीणों ने वन विभाग से गुलदार की दहशत से निजात दिलाने की मांग उठाई है। वन विभाग ने भितांई मल्ली गांव में गश्त बढ़ा दी है। रविवार की सुबह भितांई मल्ली में 52 वर्षीय रामेश्वरी देवी गांव में ही दूध लेने जा रही थी। इसी दौरान गुलदार ने उन पर हमला कर दिया। रामेश्वरी देवी के हो हल्ला करने पर गुलदार भाग खड़ा हुआ। गुलदार द्वारा रामेश्वरी देवी के मुंह पर नाखून मारकर उन्हें घायल कर दिया। घायल महिला को उपचार के लिए जिला अस्पताल लाया गया। सूचना मिलने पर वन विभाग की टीम जिला अस्पताल पहुंची। वन विभाग के अधिकारियों ने घायल महिला का हालचाल जाना रेंजर पौड़ी ललित मोहन नेगी ने बताया कि गांव में गश्त बढ़ा दी गई है।

### शिक्षकों की समस्याएं हल करने की उठाई मांग

पौड़ी। राजकीय शिक्षक संघ की जनपदीय व ब्लॉक कार्यकारणी के पदाधिकारियों की मुख्य शिक्षा अधिकारी के साथ बैठक आयोजित हुई। इस दौरान संघ के पदाधिकारियों ने शिक्षकों के चयन, प्रोन्नत वेतनमान के लिए सितंबर महीने में स्क्रीनिंग कमेटी का गठन करने सहित विभिन्न समस्याओं के निराकरण की मांग की। इससे पूर्व संघ की ओर से नव नियुक्ति सीईओ दिनेश चंद्र गौड़ का स्वागत भी किया गया। शिक्षा परिसर में आयोजित बैठक में संघ के पदाधिकारियों ने शिक्षकों के स्थाईकरण की प्रक्रिया में ब्लॉक स्तर पर आ रही आपत्तियों, समग्र शिक्षा के स्कूलों के शिक्षकों का वेतन आहरण न होने पर चिंता जताते हुए सीईओ को समस्या बताई। बताया गया कि इस मामले में मुख्य शिक्षा अधिकारी ने संघ पदाधिकारियों को उचित कार्रवाई का भरोसा दिलाया। उन्होंने अटल उत्कृष्ट विद्यालयों में ग्रीष्मकालीन अवकाश की अवधि में किए गए कार्यों के लिए उपार्जित अवकाश हेतु आदेश निर्गत करने की भी मांग की। इस मौके पर राजकीय शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष बलराज सिंह गुसांई, जिला मंत्री विजेन्द्र बिष्ट, मनोज काला, संगठन मंत्री कंचन लिंगवाल, मेहरवान सिंह भंडारी, हरदीप रावत, सुरजीत रावत, जयकृत भंडारी, अब्बल सिंह, पंकज मुयाल, राकेश भारती आदि शामिल रहे।

### मतदाता जागरूकता कार्यक्रम में दी जानकारी

पौड़ी। राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय थलीसैंण में निर्वाचन साक्षरता क्लब व राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्वावधान में मतदाता जागरूकता के तहत व्याख्यान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। महाविद्यालय परिसर में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य वक्ता इतिहास विभाग के प्राध्यापक डा. धर्मेंद्र यादव ने छात्र-छात्राओं को बताया कि युवाओं को तीन मुख्य बातों को जीवन का ध्येय बना लेना चाहिए कि उन्हें शिक्षित होना है, उन्हें सेवा करना है, उन्हें मतदान करना है। यह तभी संभव है जब वह पूर्ण ईमानदारी से अपना कार्य करेंगे। कहा कि मतदान केवल अधिकार नहीं है, हमारा कत्र्तव्य भी है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रही प्रभारी प्राचार्य डा. छाया सिंह ने कहा कि सभी 18 वर्ष के आयु के छात्र-छात्रा अपना नाम निर्वाचन मतदाता सूची में अवश्य दर्ज करवा लें। इस मौके पर कार्यक्रम संयोजक नोडल अधिकारी मतदाता साक्षरता क्लब डा.विकास प्रताप सिंह, भौतिक विज्ञान विभाग के प्राध्यापक डा. सुधीर सिंह रावत, डा. धर्मेंद्र कुमार, डा.अजय कुमार, डा. विनोद कुमार आदि शामिल रहे।

### भाजपा ने कर्णप्रयाग में निकाली हर घर तिरंगा रैली

चमोली। रविवार को भाजपा नगर मंडल ने नगर में हर घर तिरंगा रैली का आयोजन किया। इस दौरान भाजपाइयों ने हाथों में तिरंगा लेकर राष्ट्रप्रेम के नारे लगाए। और स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर लोगों से सभी घरों में तिरंगा लगाने की अपील की। इस अवसर पर भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष सुभाष चमोली, महिला मोर्चा की शशि खंडूड़ी, चमोली जिले के सांसद प्रतिनिधि और वरिष्ठ भाजपा नेता राकेश कुमार डिमरी, आलम सिंह पंवार, हरीश सती, महिपाल सोनियाल, सरोज हटवाल, चेतन मनोड़ी सहित कई भाजपा नेता और कार्यकर्ता मौजूद थे।

# अब बर्गर-नूडल्स के साथ कप, प्लेट और चम्मच भी खा सकेंगे लोग

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट 14 अगस्त : दुनिया के सामने लोगों की हेल्दी लाइफ स्टाइल को लेकर सबसे बड़ी चुनौती है। फूड प्रोडक्ट्स व खाना परोसने के लिए इस्तेमाल हो रहा प्लास्टिक न सिर्फ हेल्थ के लिहाजा से खराब है, बल्कि दुनिया भर में इससे प्रदूषण भी बढ़ रहा है। दरअसल, प्लास्टिक न लगता है, न जलता है। यदि इसे जलाया जाता है, तो इससे निकलने वाला धुआं सेहत के लिए ठीक नहीं होता है। इसी बात को ध्यान में रखते हुए दुनियाभर में प्लास्टिक से निजात पाने के लिए शोध किए जा रहे हैं। इसमें काफी हद तक वैज्ञानिकों को सफलता भी मिली है।

जी हां, प्लास्टिक के पैक में खाने-पीने की सामग्री परोसने के खतरों से निजात पाने के लिए दुनियाभर में लगातार शोध हो रहे हैं। वैज्ञानिक व उद्यमी इसके विकल्प तलाश रहे हैं। इन्हीं प्रयासों में हैदराबाद के नारायण पीस पति ने मोटे अनाज के आटे से खाने में इस्तेमाल होने वाला चम्मच बनाया है, जिसे खाना समाप्त करने के बाद थाली में रखने की जरूरत नहीं है। मतलब, चम्मच भी भोजन का हिस्सा ही है।



इसी तरह, ब्रिटेन के एक स्टार्टअप ने समुद्री शैवाल से पानी का बरतन यानी जलपात्र बनाया है। वहां के अखबार 'गार्डियन' की रपट में सोमवार को कहा गया कि यह प्लास्टिक की वैश्विक समस्या का समाधान बन सकता है। यदि यह प्रयोग सफल रहा और इसमें कोई हानिकारक तत्व नहीं पाया गया, तो यह प्लास्टिक के बोतलबंद पानी की जगह लेगा और लोगों को प्लास्टिक के बोतल से निजात मिल जाएगी। गौरतलब है कि पिछले महीने बोतलबंद पानी में प्लास्टिक के सूक्ष्म कणों के मौजूद होने की बात सामने आई थी, जिससे उपभोक्ताओं की सेहत पर गंभीर खतरा होने की बात कही गई थी।

# फतेहपुर : समाधान दिवस पर सहारनपुर एसएसपी ने सुनी जनसमस्याएं




न्यूज़ वायरस नेटवर्क

छुटमलपुर 14 अगस्त : थाना फतेहपुर के सम्पूर्ण समाधान दिवस में पहुंचे एसएसपी डा. विपिन ताडा ने पिडितो की समस्या सुनी। थाना फतेहपुर मे बीते दिन सरकार की मन्शा के अनुसार सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया था जिसमे लेखपाल एंव एसडीएम बेहट तो वहीं एस एसपी डाक्टर विपिन ताडा ने भी थाना फतेहपुर पहुंकर क्षेत्र वासियों की समस्याएं सुनी जिसमे 4 शिकायती पत्र जमीन संबंधित आये लेकिन मोके पर समस्या का समाधान नही हो सका जिसमे संबंधित को दिशा निर्देशित किया गया है। वही एसएसपी डाक्टर विपिन ताड़ा ने हवालात के साथ साथ महिला डैस्क का भी निरिक्षण किया। अभिलेखों की जांच करते हुए अभिलेखों के रखरखाव एव साफ सफाई के बारे मे भी आदेशित किया है।



## संक्षिप्त खबरें

### डीएम ने लिया बगड़धार में बंद सडक़ काजायजा

नई टिहरी। जनपद में निरंतर हो रही बारिश के चलते राजमार्ग 94 के बगड़धार के पास बंद होने वाले स्पाट का डीएम मयूर दीक्षित ने स्वयं मौके पर पहुंचकर निरीक्षण किया। अधिकारियों को सावधानी व सुरक्षा के साथ राजमार्ग को जल्द से जल्द खोलने के निर्देश दिए। रविवार को डीएम दीक्षित ने राजमार्ग 94 के बंद होने वाले स्पाट बगड़धार में स्वयं पहुंचकर मौका-मुआयना किया। निरीक्षण के दौरान डीएम ने एनएच 94 पर बगड़धार के समीप हो रहे भूस्खलन को लेकर अधिकारियों से जानकारी ली। डीएम ने विद्युत विभाग को भूस्खलन क्षेत्रों पर स्थित विद्युत पोलों को हटाने और ज्यादा खतरा होने पर परिवारों के विस्थापन को लेकर राजस्व टीम को निरीक्षण की कार्यवाही करने के निर्देश दिए। कार्यदायी संस्था के अधिकारी को निर्देश दिए गए कि कार्मिकों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए तत्काल सडक़ का सुचारु किया जाय। डीएम ने कहा कि भूस्खलन क्षेत्र में लोगों को खड़े न होने दिया जाए, जेसीबी, पोकलैंड, डोजर के संचालकों को सावधानी पूर्वक कार्य करने तथा हेल्परों को धुंध में ऊपर की साइड पर नजर रखने तथा सडक़ की स्थिति को देखकर पहले ही लोगों को अवगत कराते हुए वैकल्पिक मार्गों से भेजने के निर्देश दिए। डीएम के निर्देशन में क्षेत्र में लगातार हो रही बारिश और भूस्खलन के चलते डेंजर जोन व खतरे की जद में आने वाले सिलवण तोक के ग्राम सोनी के 4 परिवारों के सदस्यों को पूर्व में ही सुरक्षित स्थान पर भेज दिया गया है। इस मौके पर आपदा प्रबंधन अधिकारी बृजेश भट्ट सहित अन्य विभागों के आलाधिकारी मौजूद रहे।

### डीएनए लैब्स के साथ एमओयू साइन किया

नई टिहरी। देव सुमन उत्तराखंड विश्वविद्यालय बादशाहीथौल टिहरी गढ़वाल व डीएनए लैब्स (ए सेंटर फार एप्लाइड सांइसेज) देहरादून के मध्य एक समझौता हस्ताक्षर किया गया। जिससे आने वाले समय में छात्रों का शैक्षणिक माहौल सुदृढ़ करने में लाभ मिलेगा। श्रीदेव सुमन उत्तराखंड विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो एनके जोशी ने बताया कि इस एमओयू के अन्तर्गत दोनों संस्थानों के बीच अनुसंधान, उत्तराखंड के छात्रों के बीच विज्ञान शिक्षा को बढ़ावा देना, उत्तराखंड के छात्रों के बीच क्षमता निर्माण कार्यक्रम, उत्तराखंड में संस्थानों के बीच शैक्षणिक वृद्धि की दिशा में काम करना तथा राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय दिवस मनाने इत्यादि विषयों पर संयुक्त रूप से कार्य करने पर एमओयू हस्ताक्षर हुए। डीएनए लैब्स (ए सेंटर फार एप्लाइड सांइसेज) देहरादून के उप निदेशक दिव्य प्रकाश पांडे ने इस अवसर पर दोनों संस्थानों के बीच हुए इस समझौते पर प्रशंसा व्यक्त कर कहा कि आपसी समन्वय व जागरूकता से प्रदेश को विभिन्न क्षेत्रों में सशस्त बनाया जा सकता है, जिसके लिए डीएनए लैब्स (ए सेंटर फार एप्लाइड सांइसेज) देहरादून व श्रीदेव सुमन उत्तराखंड विश्वविद्यालय बादशाहीथौल टिहरी गढ़वाल द्वारा मिलकर कार्ययोजना तैयार कर मूर्त रूप देना होगा। इस अवसर पर पंडित ललित मोहन शर्मा परिसर ऋषिकेश के विज्ञान संकायाध्यक्ष प्रो गुलशन कुमार ढींगरा, डीएलसीएएस के वैज्ञानिक एवं प्रयोगशालाओं के प्रमुख डा नरोत्तम शर्मा आदि मौजूद रहे।

### अफ्रिका में बंधक राकेश लाल की घर वापसी की गुहार लगाई

नई टिहरी। घनसाली की ग्राम पंचायत चकरेड़ा नैलचामी और होल्टा के ग्रामीणों ने थौलधार में महिलाओं के साथ बैठक कर साउथ अफ्रीका में बंधक बनाये गये राकेश लाल की सकुशल घर वापसी की सीएम से गुहार लगाई है। बैठक में दोनों ग्राम पंचायत की महिलाओं ने प्रस्ताव तैयार कर सीएम भेजा। रविवार को घनसाली के थौलधार में आयोजित बैठक में पवन कलस्टर नैलचामी की महिलाओं ने एक सामूहिक प्रस्ताव तैयार मुख्यमंत्री धामी को भेजा। प्रस्ताव में महिलाओं ने सीएम धामी से अनुरोध करते हुये कहा कि राकेश लाल को साउथ अफ्रिका में बंधक बनाया गया, जिसके कारण उनके परिजन बहुत परेशान हैं। बताया वहां पर राकेश लाल के जीवन को खतरा भी है। महिलाओं ने राकेश को सुरक्षित उनके घर पहुंचाने की मांग की है। सामाजिक कार्यकर्ता जगतराम शाह ने कहा कि मातृशक्ति की ओर से शासन प्रशासन और सरकार से तत्काल राकेश लाल की सुरक्षित घर वापसी हेतु कार्यवाही की मांग की है। बताया जिस व्यक्ति ने राकेश को अफ्रीका में बंधक बनाया है वह भी भारत का रहने वाला है। महिलाओं ने बंधक बनाने वाले व्यक्ति को भी भारत लाने की मांग करते हुये उसके खिलाफ कानूनी कार्यवाही की मांग की है।


# लखनऊ के इस चाँदी के पान की कीमत जानकर आप भी हो जायेंगे हैरान



न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट 14 अगस्त : नवाबों के शहर लखनऊ में सबसे महंगा पान मिल रहा है. इसकी कीमत इतनी है कि ब्रांडेड जूते और ब्रांडेड चश्मा खरीदा जा सकता है. इस पान का नाम है गोल्ड पान. खास तरह के इस पान के अंदर चांदी, तो बाहर सोना होता है. सोने के ऊपर लगा हुआ केसर इसके स्वाद को और कई गुना बढ़ा देता है. इस पान की चर्चा इन दिनों लखनऊ में खूब हो रही है. इस पान को बनाया है मास्टर संजय कुमार चौरसिया ने. उन्होंने कोरोना काल में अपने कैटरिंग के धंधे के ठप पड़ जाने के बाद कुछ नया प्रयोग करने के बारे में सोचा और बना डाला गोल्ड पान. इस खास की कीमत 999 रुपये है. इस शाही गोल्ड पान को बनाने में आधा घंटा लगता है. इसके ऊपर 24 कैरेट सोने की परत चढ़ी हुई है. सोना-चांदी और केसर के स्वाद के साथ जब यह पान खाने वाले के पेट में जाता है तो पाचन क्रिया को मजबूत करने के साथ-साथ यह बेहतरीन माउथ फ्रेशनर का भी काम करता है. उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ के आशियाना चौराहा स्थित राष्ट्रीय पान दरबार में आपको यह विशेष पान खाने के लिए मिलेगा. यहां के मालिक संजय ने बताया कि 27 सितंबर, 2022 में उन्होंने यहां इस दुकान की शुरुआत की थी. अब गोल्ड पान का स्वाद लखनऊ के लोगों की जुबान पर चढ़ चुका है. इसका स्वाद लोगों को पसंद आ रहा है. यही वजह है कि बच्चे, बड़े और बुजुर्ग सभी इस पान को शौक से खा रहे हैं. महिलाओं और लड़कियों को भी यह पसंद आ रहा है.

## संपादकीय



# प्रासंगिक नहीं गढ़े मुर्दे

अविश्वास प्रस्ताव अब अतीत का मुद्दा बन चुका है। संसद की कार्यवाही भी अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दी गई है, लेकिन मणिपुर और नकारात्मक राजनीति अब भी जल रहे हैं। उनकी लपटों के शांत होने के आसार अभी तो स्पष्ट नहीं हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने अविश्वास प्रस्ताव पर जो जवाब दिया था, वह भी संजीदा नहीं था, बल्कि उसमें खुन्नसी सियासत के भाव ज्यादा थे। प्रधानमंत्री ने कुछ ऐसे पुराने, गढ़े मुर्दे उखाड़े, जो फिलहाल देश के संदर्भ में प्रासंगिक नहीं हैं। वे 50-60 साल से भी ज्यादा पुरानी घटनाएं जरूर हैं। तब से लेकर आज तक भारत का चेहरा, सम्मान, स्थान, विकास सब कुछ बदल चुका है। देश की जनता बखूबी जानती है और उसके इस अधिकार का सम्मान भी किया जाना चाहिए कि वह किस दल, गठबंधन और नेता के प्रति अपना लोकतांत्रिक विश्वास व्यक्त करे अथवा अविश्वास जताते हुए किसे खारिज कर दे। प्रधानमंत्री मोदी ने अपने वक्तव्य में उल्लेख किया था कि 1972 के बाद पश्चिम बंगाल में कांग्रेस न तो सत्ता तक पहुंच पाई और न ही उसका मुख्यमंत्री चुना जा सका है। इसी तरह तमिलनाडु में 1962, ओडिशा और गुजरात में 1995, उप्र में 1985, नगालैंड में 1988 के कालखंडों के बाद जनता ने कांग्रेस के प्रति अविश्वास जताया है। यह तथ्य समूचा देश जानता है। इसकी तुलना मौजूदा अविश्वास प्रस्ताव से नहीं की जा सकती। प्रधानमंत्री ने तमिलनाडु के रामेश्वरम और श्रीलंका के दरमियान 'कच्चातीवू द्वीप' का भी जिक्र किया था। करीब 285 एकड़ का यह भूखंड विवादित था और 1974 के एक समझौते के तहत तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने उसे श्रीलंका को सौंप दिया। प्रधानमंत्री ऐसे फैसले लेते रहे हैं, क्योंकि उन्हें जनादेश प्राप्त था। बाद के प्रधानमंत्री चाहें, तो उन फैसलों को बदल भी सकते हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने सवाल किया है कि वह तोहफा श्रीलंका को क्यों दिया गया? मौजूदा द्रमुक मुख्यमंत्री स्टालिन बार-बार पत्र लिख कर आग्रह कर रहे हैं कि भारत सरकार श्रीलंका से अपने द्वीप को वापस ले। तब 1974 में भी द्रमुक मुख्यमंत्री करुणानिधि थे। दरअसल इस द्वीप को मछुआरों के लिए 'वरदान' माना जाता है, लिहाजा यह तमिल राजनीति का आज भी महत्वपूर्ण मुद्दा है। इसके अलावा, 5 मार्च 1966, मिजोरम राज्य के लिए 'काली, हमले की तारीख' है। तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने अपने देश की ही वायुसेना को आदेश देकर मिजोरम के भारतीय नागरिकों पर हवाई हमला कराया था। कारण कुछ भी रहा हो, लेकिन प्रधानमंत्री ऐसी हद तक कैसे पहुंच गईं? मिजोरम में आज भी इसे 'काला दिन' के तौर पर याद किया जाता है और लोग प्रतीकात्मक विरोध-प्रदर्शन भी करते हैं। अविश्वास प्रस्ताव पर जवाब देते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने अमृतसर के 'पवित्र स्वर्ण मंदिर' में 'ऑपरेशन ब्लू स्टार' का भी जिक्र किया था। तब भी प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी थीं। मौजूदा प्रधानमंत्री इन पुरानी घटनाओं का उल्लेख कर कांग्रेस की राजनीति पर प्रहार करना चाहते थे कि उन सरकारों की सोच क्या थी? दरअसल अविश्वास प्रस्ताव मणिपुर पर केंद्रित रहना चाहिए था। वैसा न तो विपक्ष ने किया और न ही प्रधानमंत्री ने निभाया। लोकसभा में चुनावी माहौल बना रहा। प्रस्ताव का गिरना तय था। यही उसकी नियति थी। राजनीतिक पक्षों को क्या हासिल हुआ, यह वे ही खुलासा कर सकते हैं।

**दैनिक न्यूज़ वायरस**

**संपादक : मौ.सलीम सैफी, कार्यकारी संपादक :** आशीष कुमार तिवारी न्यूज़ वायरस नेटवर्क प्रा. लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक मौ.सलीम सैफी द्वारा विश्वनाथ प्रिंटर्स, अजबपुर कलां, देहरादून से प्रकाशित एवं न्यूज़ वायरस नेटवर्क प्रा. लिमिटेड, 48/3 बलबीर रोड, डालनवाला, देहरादून से मुद्रित। **फ़ोन :** 0135-4066790, 2672002 **RNI No. :** UT-THIN/2012/44094 **Cert. Ser. No. :** 31406 **E-mail :** dainiknewsvirus@gmail.com **Website :** www.newsvirusnetwork.com **YouTube :** TV News Virus
न्याय क्षेत्राधिकार : जनपद देहरादून (उत्तराखंड), भारत

# इंदिरा विहार कॉलोनी में बनेगा अंबेडकर भवन

रुडक़ी। सुनहरा के समीप इंदिरा विहार कॉलोनी में अंबेडकर भवन का निर्माण होगा। रविवार को डॉक्टर भीमराव अंबेडकर समाज जनकल्याण एवं उत्थान समिति ने भवन का शिलान्यास किया। प्राविधिक शिक्षा परिषद उत्तराखंड के अपर निदेशक देशराज कटारिया ने कहा कि बाबा साहब भीमराव अंबेडकर ने सर्व समाज को उनके अधिकार दिए हैं। दबे कुचले लोगों को आगे बढ़ाने का काम किया। उन्होंने कहा कि उनके आदर्श और पद चिन्हों पर चलते हुए युवाओं को शिक्षित होने की ओर अग्रसर होना चाहिए।

उन्होंने युवाओं से आग्रह करते हुए कहा कि युवा पीढ़ी नसे से दूर रहे और अपने बड़ों का सम्मान करें। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे समिति के अध्यक्ष शीशराम ने कहा कि भवन की भूमि को क्रय करने में समाज के लोगों का अहम योगदान रहा है उन्होंने कहा कि इस भवन में समाज के उन निर्धन बच्चों को जो शिक्षा ग्रहण करने के लिए रुडक़ी आते हैं उन्हे निशुल्क रहने की सुविधा दी जाएगी। इसके साथ ही लाइब्रेरी का निर्माण भी होगा। उन्होंने बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने का आवाहन किया। कार्यक्रम को समिति महासचिव विजयपाल सिंह, उपाध्यक्ष जगदीश प्रसाद, सोमपाल सिंह, विनोद जयंत, प्रेम सिंह एडवोकेट, मांगेराम, रमेश चंद्र सनावरे, रूप सिंह, योगराज सिंह,भोपाल सिंह, दयाल सिंह, मनोज पार्षद, सुशील पार्षद, कदम सिंह,विजयपाल सिंह, सुलेख चंद,नाथल सिंह, ज्ञानचंद फौजी,बसंत लाल ने संबोधित किया उन्होंने कहा कि युवाओं को नशाखोरी से दूर रहना चाहिए और अपना ध्यान पूरी तरह से शिक्षा पर केंद्रित रखना चाहिए ताकि समाज को ऊंचाइयों तक ले जाया जा सके। कार्यक्रम में नीलम सहगल, कुंता बौद्ध,ईश्वर सिंह, अजय सिंह, राजेश कलावती, ईश्वर सिंह,सुलेख कुमार, राजपाल सिंह,सुलेख चंद एडवोकेट, मांगेराम, बसंत सिंह,तेलराम,जनेश्वर प्रसाद आदि लोग मौजूद रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### पशु क्रूरता अधिनियम में दो गिरफ्तार

रुडक़ी। बिना लाइसेंस पशुओं का कटान करके उनके मांस का व्यापार करने की शिकायत पर पुलिस टीम ने सुल्तानपुर में छापा मारा। छापे में सुल्तानपुर निवासी वसीम और कासिम को हिरासत में ले लिया। वहीं, मीरावाला मोहल्ले से शानू तथा अफजाल भाग निकले। पुलिस ने उनके पास से लगभग तीन कुंतल मांस और उपकरण आदि बरामद किए हैं। चारों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस टीम में कोतवाल अमर चंद शर्मा, एसएसआई अंकुर शर्मा, एसआई मनोज नौटियाल, नरेंद्र सिंह तोमर, सिपाही अरविंद चंदेल, अरूण नेगी, अनिल वर्मा आदि शामिल थे।

### शिविर में 50 यूनिट रक्त एकत्रित

रुडक़ी। कलियर में ऋषि हेल्थ केयर हॉस्पिटल में किसान मजदूर संगठन सोसायटी की ओर से रक्तदान शिविर का का शुभारंभ कलियर थाना प्रभारी जहांगीर अली ने किया। शिविर में संगठन के पदाधिकारियों ने रक्तदान किया। शिविर में लगभग 50 यूनिट रक्तदान किया गया है। महक सिंह सैनी व डॉ. गौरव कश्यप ने बताया कि किसान मजदूर संगठन सोसाइटी के राष्ट्रीय प्रभारी योगेन्द्र सैनी के नेतृत्व में शिविर का लगाया गया। उन्होंने कहा मानवता की सेवा करना ही उनका लक्ष्य है।

### थाना प्रभारी से मिले ई-रिक्शा संचालक

रुडक़ी। ई-रिक्शा संचालकों ने अपने वाहनों के खिलाफ सीज कार्रवाई को देख थाने पहुंचकर पुलिस से वार्ता की। थाना पुलिस ने उन्हें आश्वासन दिया है। गौरतलब हो कि भगवानपुर पुलिस ने हाइवे पर अंधाधुंध दौड़ रहे ई-रिक्शा से लगने वाले जाम से छुटकारा पाने के लिए उनकी सीज कार्रवाई की थी। पुलिस कार्रवाई से परेशान ई-रिक्शा संचालक इक_ा होकर थाने पहुंचे और पुलिस से चालान कार्रवाई किए जाने की बात कही। इस पर भगवानपुर थाना प्रभारी राजीव रौथाण ने कहा कि अगर ई-रिक्शा हाईवे पर अंधाधुंध दौड़ते पाए गए तो कार्रवाई की जाएगी।

### पुलिस ने पंच प्रण की शपथ

रुडक़ी। थाना भगवानपुर में मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के तहत देश के वीरों को वंदन एवं स्मरण किया। साथ ही पंच प्रण की शपथ भी ली। रविवार को कस्बा स्थित थाना प्रांगण में थाना प्रभारी राजीव रौथाण ने उपस्थित पुलिस कर्मियों को पंचप्रण की शपथ ली और प्रांगण में ही एक-एक फलदार पौधे लगाकर पृथ्वी को हरा भरा एवं स्वच्छ रखने का प्रण लिया गया। इस अवसर पर थाना क्षेत्र के पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

### उधार मांगने पर दो लोगों में मारपीट

रुडक़ी। एक गांव में मात्र ?200 रुपये को लेकर दो व्यक्तियों में मारपीट हो गई। बाद में ?200 के स्थान पर ?2,000 रुपये देकर समझौता किया गया। थाना क्षेत्र के एक गांव में एक व्यक्ति द्वारा गांव के ही दूसरे व्यक्ति से ?200 रुपये अगले दिन लौटाने का वादा कर उधार दिए थे। एक महीना होने पर भी रुपये न वापस मिले तो जिस व्यक्ति ने उधार लिए गए थे उसके घर चला गया। पैसे देने को कहा तो दोनों में गाली-गलौज व मारपीट हो गई। जिस व्यक्ति ने रुपये लिए थे उसे मारपीट में चोट लग गई। वह थाने जाने लगा तो दूसरा व्यक्ति घबरा गया। उसने मोहल्ले के कुछ लोगों को समझौता कराने के लिए कहा बाद में ?2,000 रुपये देकर समझौता हो गया।

### हिंदू संगठनों की शिकायत पर रुकवाई प्रार्थना सभा

रुडक़ी। गंगनहर कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत सुनहरा गांव में चल रही प्रार्थना सभा को लेकर हिंदू संगठनों द्वारा आपत्ति जताई गई। वहां पहुंची पुलिस ने प्रार्थना सभा को रुकवा दिया। भविष्य के लिए चेतावनी दी की ऐसी कोई गतिविधि न की जाए जिससे किसी की भी धार्मिक भावनाएं आहत हों। रविवार की सुबह हिंदू संगठनों के कुछ कार्यकर्ताओं को सूचना मिली कि कुछ लोग एक मकान में प्रार्थना सभा के नाम पर संदिग्ध गतिविधियां चला रहे हैं। विश्व हिंदू परिषद के नेता शिवप्रसाद त्यागी और अन्य कार्यकर्ताओं ने इसके आधार पर गंगनहर कोतवाली पुलिस को सूचना दी।

### स्मार्टफोन प्रयोग करते समय सावधानी बरतें युवा

रुडक़ी। लक्सर पुलिस ने खड़ंजा गांव में ऑपरेशन मर्यादा के तहत चौपाल कार्यक्रम आयोजित कर ग्रामीणों से सीधे संवाद किया। पुलिस ने परिवार के किशोरों, युवाओं को नशे की लत से दूर रखने के अलावा साइबर क्राइम से बचाव के लिए जागरूक किया। कोतवाल अमरचंद शर्मा ने इसकी शुरूआत करते हुए कहा कि नशे से उनका भविष्य बिगडऩे के साथ उनके परिवार और देश के विकास पर भी असर पड़ता है। उन्होंने ऑनलाइन ठगी से बचने के लिए फोन पर आई ओटीपी किसी से भी शेयर न करने की हिदायत दी। एसएसआई अंकुर शर्मा ने मोबाइल चलाते समय सावधानी बरतने की सलाह युवाओं को दी। कहा अनजाने में सोशल मिडिया पर गलत मैसेज पोस्ट या फारवर्ड करना उन्हें फंसा सकता है।

### पुलिस ने 14 वाहनों के काटे चालान

रुडक़ी। रविवार को पुलिस ने हाईवे पर अंधाधुंध दौड़ रहे वाहनों की चेकिंग की। इसमें पुलिस ने आठ ई-रिक्शा और एक ट्रक की सीज कार्रवाई की। यातायात के नियमों का उल्लंघन करने पर 14 वाहनों के चालान कर 8,000 रुपये जुर्माना भी वसूला गया। इसके अलावा 81 पुलिस एक्ट में पांच लोगों का चालान कर 2,000 का जुर्माना भी वसूला। उधर पुलिस की कार्रवाई को देखते हुए ई-रिक्शा संचालकों व ऑटो संचालको में हडक़ंप मचा रहा। टीम के वापस लौटने के बाद ही वाहन संचालकों ने राहत की सांस ली। भगवानपुर थाना प्रभारी राजीव रौथाण ने बताया कि चेकिंग अभियान चलाकर कार्रवाई की गई है। साथ ही, उन्होंने बताया कि आगे भी कार्रवाई जारी रहेगी।

### सरकार को जगाने के लिए दिल्ली जैसी क्रांति करेगी भाकियू: विजय शास्त्री

रुडक़ी। भारतीय किसान यूनियन के कार्यकर्ताओं ने अपनी मांगों को लेकर सरकार को जगाने के लिए 23वें दिन भी ज्वाइंट मजिस्ट्रेट कार्यालय के बाहर धरना प्रदर्शन जारी रखा। इस बीच 24 अगस्त को होने वाली महापंचायत की सफलता के लिए भारतीय किसान यूनियन के कार्यकर्ता गांव गांव जाकर जनसंपर्क अभियान में जुट रहे हैं। रविवार को भारतीय किसान यूनियन के जिलाध्यक्ष विजय शास्त्री के नेतृत्व में बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं ने रुडक़ी और नारसन क्षेत्र के कई गांवों का दौरा कर महा पंचायत की सफलता के लिए जनसंपर्क अभियान चलाया। इस दौरान ग्राम खेड़ाजट में आयोजित बैठक को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष विजय कुमार शास्त्री ने कहा कि सरकार किसानों की उपेक्षा कर रही है।

# कौन-से कान पर लगाकर सुनना चाहिए फोन ?

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

ब्यूरो रिपोर्ट 14 अगस्त : आपने कभी इस बारे में सोचा हो या नहीं, लेकिन सवाल तो है. स्मार्टफोन का इस्तेमाल आजकल हर इंसान करता है. स्मार्टफोन मानो जीवन की जरूरत बन गया है. पिछले कुछ वर्षों में फोन के इस्तेमाल को लेकर कई तरह की स्टडीज सामने आई हैं. कोई कहती है कि फोन के इस्तेमाल से कैंसर तक हो सकता है तो दूसरी इस बात को सिरे से खारिज कर देती है. फिर कोई स्टडी आती है और बताती है कि इसके रेडिएशन से मानव समेत पशु-पक्षियों को बड़ा खतरा है तो कोई कुछ और कहती है.

इतना तो सब जानते हैं कि फोन पर ज्यादा समय बिताने से आंखों पर प्रतिकूल असर पड़ता है. लेकिन फोन इस्तेमाल करने के लिए आंखों के साथ-साथ कानों की जरूरत भी है. शायद ही किसी ने कानों पर पड़ने वाले संभावित असर के बारे में सोचा हो.



आपने भी नहीं सोचा होगा. दुनिया में कुछ शोधकर्ता इस बात का पता लगाने की कोशिश कर रहे हैं कि कौन-सा कान (लेफ्ट या राइट) फोन सुनने के लिए इस्तेमाल करना चाहिए, और कौन-सा नहीं करना चाहिए. तो चलिए जानते हैं अब तक इन शोधकर्ताओं ने क्या-क्या चीजों को पता लगाया है.

ज्यादातर लोग फोन पर बात करते समय दाएं कान (Right ear) का इस्तेमाल करते हैं. एक रिसर्च के मुताबिक, दाईं तरफ के कान से फोन सुनना सीधा दिमाग पर असर डालता है, जिससे आप छोटी-छोटी बातों को लेकर परेशान हो सकते हैं. एक रिसर्च के मुताबिक, जब हम फोन पर बात करने के लिए दाएं कान का इस्तेमाल करते हैं, तो इसके रेडिएशन ब्रेन पर ज्यादा असर डालते हैं. इसलिए फोन पर बात करते समय हमें बाएं कान (Left ear) का इस्तेमाल करना चाहिए.

हालांकि, इस बात को साबित करने के लिए कोई पर्याप्त सबूत नहीं है और न ही इस बात का कोई सबूत है कि फोन कॉल के लिए बाएं कान का यूज करना सुरक्षित है या दाएं कान का. 2002 में फिनलैंड साइंटिस्ट एंड न्यूक्लियर सेफ्टी अथॉरिटी के अध्ययन में कहा गया था कि जब मानव कोशिकाएं फोन के संपर्क में आती हैं, तो इससे ब्लड-ब्रेन बैरियर (Blood-Brain Barrier) को नुकसान होता है.बता दें कि ब्लड-ब्रेन बैरियर को मानव शरीर में सेफ्टी बैरियर के रूप में भी जाना जाता है जो रक्त में खतरनाक पदार्थों को दिमाग में प्रवेश करने से रोकता है. हालांकि, अध्ययन यह बताने में विफल रहा कि फोन पर बात करते समय किस कान का इस्तेमाल किया जाना चाहिए. ऐसे में आपके लिए जरूरी है कि फोन पर बात करते वक्त फोन को एक कान से दूसरे की तरफ बदलते रहें और दोनों कानों का इस्तेमाल करें. अमेरिकन मेडिकल एसोसिएशन के जर्नल में प्रकाशित एक अध्ययन में पाया गया है कि लगभग 80 प्रतिशत लोग फोन पर कॉल करते समय अपने दाहिने कान का उपयोग करते हैं, क्योंकि हमारे दिमाग का बायां हिस्सा ज्यादा प्रभावशाली होता है.

## विभिन्न समस्याओं के निराकरण के लिए किया निर्देशित

कोटद्वार। नगर निगम के अंतर्गत सभी वार्डों में व्याप्त समस्याओं के निराकरण के संबंध में महापौर हेमलता नेगी ने विभागीय अधिकारियों की बैठक ली और अधिकारियों को समस्याओं के शीघ्र निस्तारण के निर्देश दिए। बैठक में उन्होंने कहा कि पिछले दिनों हुई भरी बारिश के कारण आई आपदा में प्रभावित क्षेत्रों में लोगों के घरों में मलवा भर जाने से उनका जीवन अस्तव्यस्त हो गया है। मलवे को जेसीबी, निगम कर्मचारियों व मजूदरों की मदद से तुरंत हटाया जाना चाहिए। साथ ही उन्होंने बीमारियों पर रोकथाम के लिए कीटनाशक का छिड़काव करने व इस कार्य के लिए मानिटरिंग समिति का गठन करने, मुख्य बाजार में बनने वाले प्रस्तावित फुटपाथ के ले आउट डिजाइन की डीपीआर बनाने के लिए व्यापारियों, नगर निगम व डीपीआर बनाने वाली कंपनी के बीच संयुक्त बैठक कराने, वर्ष 2019 से प्रस्तावित व निर्माणाधीन प्रधानमंत्री आवासों की स्थिति, ग्रास्टनगंज में प्रस्तावित पार्क के डीपीआर की स्थिति, शहर में सब्जी विक्रेताओं की सूची तैयार करने और उसमें तीलू रोतेली चौक के समीप की सब्जी मंडी में बैठे सब्जी विक्रेताओं का समावेश करने, सडक़ों पर घूम रहे आवारा गौ वंश के लिए गौधाम बनाने हेतु प्रदेश सरकार से पांच एकड़ भूमि आवंटित करने, सिंचाई नहरों की सफाई करने, मोटर नगर में निर्माणाधीन बस अड्डे के निर्माण के लिए प्रदेश सरकार से वार्ता करने, हाई मास्क लाइट की क्रय स्थिति और सभी शौचालयों, पार्कों की बाउंड्रियों व भवनों की दीवालों पर पोस्टर व पंपलेट लगाने पर जुर्माना लिखवाने और रिक्त जे ई पदों पर साक्षात्कार करवाने के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया। बैठक में नगरआयुक्त वैभव गुप्ता सहित अन्य अधिकारी मौजूदरहे ।

## धुमाकोट- कोटद्वार मोटर मार्ग क्षतिग्रस्त

पौड़ी। मौसम विभाग की चेतावनी जिले में अब भारी पड़ती जा रही है। जिले में भारी बरसात के चलते 28 मोटर मार्गों पर यातायात ठप पड़ा हुआ है। ग्रामीण क्षेत्रों की लाइफलाइन कही जाने वाली इन सडक़ों पर पिछले 10 दिनों से यातायात ठप पड़ा हुआ है। वहीं जिले के तीन ब्लाकों में एक दर्जन पेयजल योजनाएं क्षतिग्रस्त हो चुकी हैं। जिससे लोगों की समस्याएं हर दिन बढ़ती ही जा रही हैं। वहीं धुमाकोट क्षेत्र में बरसात के चलते धुमाकोट- कोटद्वार मोटर मार्ग पुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया है। राज्य के सबसे बड़े 15 जिलों वाले में भारी कहर बनकर टूट रही है। जिले में बारिश के चलते रविवार तडक़े थाना धुमाकोट क्षेत्रान्तर्गत धुमाकोट- कोटद्वार मोटर मार्ग मोक्छन नैनीडांडा के पास क्षतिग्रस्त हो गया। इस मोटर मार्ग का बड़ा हिस्सा भारी बारिश की भेंट चढ़ गया। जिसके चलते सडक के दोनों ओर यातायात रूप गया। सूचना मिलते ही पुलिस ने दोनों किनारों पर यात्रियों को रोक दिया। साथ ही वाहनों के आवागमन के लिए वैकल्पिक व्यवस्था बनायी जा रही है। सभी प्रकार के वाहनों का आवागमन बंद किया गया है। वहीं जिले में बीते दिनों हुई बारिश के चलते 28 मोटर मार्गों पर यातायात ठप पड़ गया है। जिले में 4 राज्य मार्ग समेत एक जिला मार्ग और 24 ग्रामीण मार्ग अवरुद्ध हैं।

**बरसात में भी लोगों के हलक सूखे**

पौड़ी। जिले में भारी बरसात के चलते तीन ब्लाकों में करीब एक दर्जन पेयजल लाइनें क्षतिग्रस्त हैं। जिसमें जयहरीखाल ब्लाक की 5 पेयजल योजनाओं में बांसी, आसनखेत, जाख मल्ला, चुंडई व बेनी -खुबानी क्षतिग्रस्त हैं। दुगडडा ब्लाक की चार पेयजल योजनाएं शामिल हैं। इनमें मंझियाड़ी गांव, दूनी मंडई, धारगांवकूरीखाल व मोहनी पंपिंग योजना शामिल हैं। जबकि नैनीडांडा ब्लाक की भौंन पेयजल योजना क्षतिग्रस्त होने से लोगों को पेयजल की दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

## भूस्खलन से पगनों गांव के ग्रामीण दहशत में

चमोली। पहाड़ी से हो रहे भूस्खलन से पगनों गांव के लोग दहशत और मुश्किल में हैं। गांव के नौ परिवारों ने अपने घर छोड़ दिए हैं, जबकि 35 अन्य परिवारों को भी शिफ्ट करने की तैयारी है। एसडीएम कुमकुम जोशी ने गांव में जाकर आपदा प्रभावित क्षेत्र का जायजा लिया। ग्रामीणों के साथ बैठक की। उन्होंने कहा कि आपदा प्रभावितों को पूरी मदद दी जाएगी। पगनों गांव के प्रदीप सिंह ने बताया कि गांव के ठीक पीछे स्थित पहाड़ी के शीर्ष भाग में एक प्राकृतिक झील थी। दो साल पहले झील के पानी का रिसाव होने लगा। भारी बारिश से गांव में मलबा भी आने लगा। इस बार तो पहाड़ी से भयंकर भूस्खलन शुरू हो गया। जिससे मुरलीधर, पुष्पा देवी, जय प्रसाद, कैलाश सुंदरियाल, प्रदीप सिंह, दिलवर सिंह, दुर्गा देवी, कुंदन सिंह और भोपाल लाल ने अपने घर छोड़ दिए हैं। उनके घर पूरी तरह से भूस्खलन की चपेट में आ गए हैं। कैलाश सुंदरियाल और दुर्गा देवी के परिवार ने अपने रिश्तेदारों के यहां शरण ले ली है, जबकि अन्य परिवार गांव के ही समीप गोशाला और खेतों में टेंट लगाकर रह रहे हैं। गांव का शिव मंदिर भी भूस्खलन से जमींदोज हो गया है। शनिवार को एसडीएम कुमकुम जोशी ने गांव में जाकर भूस्खलन की स्थिति का जायजा लिया। एसडीएम के निर्देश पर खतरे की जद में आए 35 अन्य परिवारों को भी शिफ्ट करने की तैयारी चल रही है। एसडीएम ने प्रभावित परिवारों के साथ बैठक कर उनकी समस्याओं को भी सुना। एसडीएम ने बताया कि गांव के नौ परिवार शिफ्ट किए जा चुके हैं।

## महाविद्यालय की समस्याओं को हल करने की मांग

कोटद्वार। राजकीय महाविद्यालय की विभिन्न समस्याओं के निस्तारण को लेकर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने कैबिनेट मंत्री डा. धन सिंह रावत को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा गया है कि श्रीदेव सुमन विवि की ओर से राजकीय महाविद्यालय में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। छात्रों की अंकतालिका में छात्रों का इनरोलमेंट नंबर और महाविद्यालय का नाम लंबे समय से गलत छपता आ रहा है। परिषद के आंदोलन के बाद महाविद्यालय से बड़ी संख्या में अंकतालिकाओं को वापस श्रीदेव सुमन विवि सुधार के लिए भेजा गया। वहीं महाविद्यालय में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं को महाविद्यालय संबधी छोटी सी समस्या के निस्तारण के लिए श्रीदेव सुमन विवि जाना पड़ रहा है। इसमें उनका धन और समय दोनों बर्बाद हो रहे हैं। इसलिए महाविद्यालय में सिंगल विंडो सिस्टम खोला जाना चाहिए और विवि के प्रतिनिधि को वहां पर नियुक्त किया जाना चाहिए। ज्ञापन में उच्च शिक्षा मंत्री से उपरोक्त समस्याओं के समाधान की अपील की गई है। ज्ञापन सौंपने वालों में जिला संगठन मंत्री मृदुल भट्ट, आयुष त्रिपाठी, अक्षित केष्टवाल, स्वाति गैरोला, ईशा गोदियाल और अनिकेत दुगलचा आदि थे।

## आपदाग्रस्त क्षेत्रों का दौरा जारी

कोटद्वार। नगर निगम महापौर हेमलता नेगी एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री सुरेंद्र सिंह का कोटद्वार विधान सभा के आपदाग्रस्त क्षेत्रों का दौरा जारी है। इसी क्रम में उन्होंने रविवार को बहेड़ा स्रोत और रतनपुर में क्षतिग्रस्त पुल का जायजा लिया। रतनपुर क्षेत्र में पुल क्षतिग्रस्त होने के साथ ही खोह नदी का बहाव आबादी की ओर हो गया है। शिवपुर स्थित रेशम फार्म में भी काफी घरों को नुकसान हुआ है। घरों में मलवा भर जाने के कारण लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। महापौर हेमलता नेगी जी एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री सुरेंद्र सिंह नेगी ने प्रभावितों को हर संभव मदद का भरोसा दिलाया। उन्होंने कहा कि वे हर परिस्थिति में कोटद्वार की जनता के साथ खड़े हैं और हमेशा जनता की सेवा के लिए तत्पर हैं। वहीं उन्होंने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का आपदा ग्रस्त क्षेत्रों की प्रभावित जनता से न मिलना और किसी भी प्रकार के मुआवजे की घोषणा न करने को निराशाजनक बताया।

## बीजीयू में नया सत्र आरंभ

कोटद्वार। भाबर स्थित भगवंत ग्लोबल विश्वविद्यालय में नव प्रवेशित छात्र-छात्राओं के लिए शनिवार को ओरिएण्टेशन डे का आयोजन किया गया। इसके साथ ही विश्वविद्यालय में नया सत्र आरंभ हो गया है। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ डीन प्रो. पी. एस. राणा व सहायक कुलसचिव अरूण कुमार द्वारा सरस्वती माता के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर किया गया।

## संक्षिप्त खबरें

### क्षत्रिय समाज राजऋषि भरत हरि की प्रतिमा हरकी पैड़ी पर लगाने की करेगा मांग

हरिद्वार। क्षत्रिय महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह परमार ने कहा कि समाज देश के लिए बलिदान देने से पीछे नहीं हटेगा। चक्रवर्ती सम्राट विक्रमादित्य के भाई राजऋषि भरत हरि की प्रतिमा हरकीपैड़ी पर स्थापित किए जाने का प्रस्ताव पास किया गया। कनखल स्थित राजपूत पंचायती धर्मशाला में क्षत्रिय महासंघ, भारत के दो दिवसीय सम्मेलन का समापन हुआ। संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि क्षत्रिय समाज आन, बान, शान और भारत भूमि के लिए अपना शीश न्योछावर करने का हौसला रखता है। प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सिंह बैस ने कहा क्षत्रिय समाज की उपेक्षा बर्दाश्त नहीं की जाएगी। देश को जब भी जरूरत पड़ी तब अपनी माटी की आन, बान और शान की रक्षा लिए समाज ने बलिदान दिया है। समाज किसी के राजनैतिक बहकावे में आकर अपने कर्तव्यों से मुंह नहीं मोड़ेगा। समाज को एकजुट होकर चलने का प्रयास करेंगे। अनिल पुंडीर ने कहा क्षत्रिय समाज को एक बैनर तले आना होगा। तब ही अपनी पहचान, संस्कृति वापस आ सकेगी। इस दौरान कुंवर संजीव कुशवाहा, रवि राणा, मुकेश राणा, शिवम सिंह, तेज सिंह, मंगल सिंह, शुभम चौहान, आलोक सिंह पुंडीर, अनूप सिंह राणा सहित मौजूद रहे।

### राजस्थान की महिला यात्री के गले से चेन झपटी

हरिद्वार। राजस्थान के साकेत कॉलोनी वैशाली नगर अजमेर निवासी दयाल प्रियानी अपने परिवार के साथ हरिद्वार घूमने आए थे। वापसी के लिए रेलवे स्टेशन पर पहुंचकर ट्रेन में सवार हो रहे थे। इस दौरान उनकी पत्नी के गले से सोने सोने की चेन निकाल ली गई। ट्रेन में सवार होने के बाद ही महिला को घटना का पता चला। एसओ अनुज सिंह ने बताया कि यात्री की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

### गंगा घाट पर चोरी की योजना बना रहे छह दबोचे

हरिद्वार। शहर कोतवाली प्रभारी भावना कैंथोला ने बताया कि नए संजय पुल के पास कुछ संदिग्ध बैठे थे। आरोप है कि वह चोरी की योजना बना रहे थे। आरोपियों ने अपना नाम सागर निवासी हरिपुर कलां सूरजपुर कालोनी रायवाला, राजन वर्मा निवासी फतेहगंज फरीदपुर जिला बरेली यूपी, विक्की निवासी खडखड़ी बताया। उधर, शिव पुल के नीचे मौजूद आदित निवासी ग्राम राजपुर थाना सबौर पटना बिहार, किशन निवासी ग्राम ढबुआ थाना ढबुआ फरीदाबाद हरियाणा, दीपक निवासी ग्राम नजराना थाना छज्लेट मुरादाबाद को पकड़ा गया। सभी के कब्जे से कटर ब्लेड बरामद हुए।

### चाकू के साथ दो धरे

हरिद्वार। अलग-अलग क्षेत्रों में चाकू के साथ दो लोगों को पकड़ लिया गया। एसएसआई मुकेश थलेड़ी ने बताया कि रेलवे कॉलोनी की तरफ जा रहे मार्ग पर राजकुमार निवासी झुग्गी झोपड़ी लकड़ी वाला पुल के नीचे सहारनपुर को चाकू के साथ पकड़ा। उधर, एसओ सिडकुल नरेश राठौड़ ने बताया कि आन्नेकी पुल के पास से ओमी निवासी हेत्तमपुर रोशनाबाद को चाकू के साथ पकड़ा गया।

### कोटद्वार में कांग्रेस कार्यकर्ताओं का प्रदर्शन

कोटद्वार। कोटद्वार आपदा के बीच मुख्यमंत्री के आपदाग्रस्त क्षेत्रों में न जाने, सथानीय विधायक की ओर से प्रभावितों के लिए उचित मुआवजे का ऐलान न किए जाने और गढ़वाल सांसद तीरथ सिंह रावत के आपदा के इतने दिनों बाद भी कोटद्वार भ्रमण जरूरी न समझने के विरोध में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने झंडाचौक पर प्रदर्शन किया ओर प्रदेश सरकार का पुतला दहन किया। रविवार को कांग्रेस कार्यकर्ता महानगर अध्यक्ष संजय मित्तल और यूथ कांग्रेस जिलाध्यक्ष विजय रावत के नेतृत्व में झंडाचौक पर एकत्रित हुए। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने प्रदेश सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि आपदा के कारण पूरे कोटद्वार क्षेत्र में तबाही मची हुई है। जगह-जगह लोगों के घरों में बारिश का पानी घुसा और उनके आशियाने ढह गए। घरों में मलवा आने की वजह से लोग अन्यत्र रहने के लिए मजबूर हैं। यह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है कि मुख्यमंत्री ने आपदा से अत्यधिक प्रभावित क्षेत्रों का दौरा करना उचित नहीं समझा और न ही किसी मुआवजे की घोषणा की। लोगों के कमर्शियल वाहनों के नुकसान की भरपाई पर भी मुख्यमंत्री मौन रहे। वहीं गढ़वाल सांसद तीरथ सिंह रावत भी अभी तक प्रभावितों की सुध लेने नहीं पहुंचे। कहा कि जहां एक ओर महापौर हेमलता नेगी व पूर्व मंत्री सुरेंद्र सिंह नेगी प्रभावितों से लगातार मुलाकात कर उनकी हर संभव मदद कर रहे हैं वहीं मुख्यमंत्री ने इस संबध में एक भी शब्द नहीं कहा, जो दुर्भाग्यपूर्ण है। इसके बाद कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी करते हुए, पुतले को आग के हवाले कर दिया।